RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 98 | सीकर, शनिवार 06 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## बीस हजार की रिश्वत लेते सहायक अभियंता और कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की टोंक टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जेवीवीएनएल के सहायक अभियंता एईएन नवनीत सिंह गुर्जर और कंप्यूटर ऑपरेटर दलाल मोहम्मद शाजिम को बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने परिवादी के घर का बिजली मीटर लौटाने और वीसीआर विजिलेंस चेक रिपोर्ट नहीं भरने के बदले रिश्वत की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी टोंक को शिकायत मिली थी कि 4 जून को विद्युत विभाग की टीम परिवादी के घर पहुंची थी। जहां टीम ने बिजली मीटर की फोटो लेने के बाद मीटर को खोलकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद जेवीवीएनएल टोंक में पदस्थापित सहायक अभियंता नवनीत सिंह गुर्जर ने परिवादी को वीसीआर भरने की धमकी देते हुए मीटर वापस देने के एवज में 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। एसीबी द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। सत्यापन के दौरान आरोपित ने 25 हजार रुपए की मांग दोहराईए लेकिन परिवादी द्वारा राशि कम करने का आग्रह करने पर 20 हजार रुपए में सौदा तय कर लिया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता नवनीत सिंह गुर्जर ने परिवादी को अपने कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद शाजिम को रिश्वत देने के लिए कहा। परिवादी ने 20 हजार रुपए की राशि मोहम्मद शाजिम को दीए जिसे उसने अपने हाथों से लेकर गिनकर अपने पास रख लिया। एसीबी टीम ने मौके पर ही राशि बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## नामांतरण के बदले रिश्वत लेते केडीए का संविदा कर्मी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की कोटा टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए कोटा विकास प्राधिकरण केडीए के संविदा कर्मी कपिलराज को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले में केडीए कर्मचारी जुगल किशोर को पूछताछ के लिए डिटेन किया गया है। एसीबी आरोपियों के निवास और अन्य संभावित ठिकानों पर भी तलाशी कार्रवाई कर रही है। एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रीनाथपुरम, कोटा स्थित उसके पैतृक मकान का नामांतरण उसके नाम दर्ज कराने के लिए केडीए के कर्मचारियों द्वारा बार-बार आपत्तियां लगाकर परेशान किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि वैध कार्य करने की एवज में केडीए कर्मचारी जुगल किशोर और संविदाकर्मी कपिलराज ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने मामले का गोपनीय सत्यापन कराया। 1 जून और 2 जून को किए गए मांग सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी के उप अधीक्षक अनीस अहमद के नेतृत्व में गठित ट्रैप दल ने कार्रवाई की। टीम ने केडीए कैंटीन में परिवादी से 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए संविदाकर्मी कपिलराज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस कार्रवाई के दौरान केडीए कर्मचारी जुगल किशोर को उसके कार्यालय से डिटेन किया गया।

## हिमाचल में 12 बजे के बाद साच-पास में एंट्री नहीं बेंगलुरु के 8 लोगों की मौत के बाद फैसला

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के मशहूर पर्यटन स्थल साच पास (सचे जोत) जाने वाले टूरिस्टों के लिए प्रशासन ने समय सीमा निर्धारित की है। अब दोपहर 12 बजे के बाद बैरागढ़ चेक पोस्ट से किसी भी टूरिस्ट व्हीकल को साच पास की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह फैसला पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रशासन का यह कदम बीते सप्ताह हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद लिया गया। साच पास जाते वक्त बेंगलुरु से आए टूरिस्ट की कार कालाबन के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसमें तीन बच्चों सहित आठ टूरिस्ट की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन और पुलिस ने साच पास मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साच पास समुद्र तल से लगभग 14 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां आसमान में बादल छाते ही बर्फबारी शुरू हो जाती है और तेजी से मौसम बदलता है। दोपहर बाद अक्सर घना कोहरा, तेज हवाएं और तापमान में अचानक गिरावट देखने को मिलती है, जिससे वाहन चलाना जोखिमपूर्ण हो जाता है।

विश्व पर्यावरण दिवस राज्य स्तरीय समारोह

# जल संरक्षण और संवर्धन के व्यापक स्तर पर हो रहे कार्य : मुख्यमंत्री शर्मा






जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासी प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं और राज्य को हरित, स्वच्छ और जल संपन्न बनाने में योगदान दें। बिजली-पानी की बचत, पौधारोपण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन करें ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, निर्मल जल और हरित आवरण मिले। मुख्यमंत्री शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आमजन से वर्षा ऋतु में मिशन हरियालो राजस्थान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, हरियालो राजस्थान जैसी पहल की हैं जिनके सकारात्मक परिणाम आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत अभियान, मिशन लाइफ, नमामि गंगे, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, पीएम सूर्य घर योजना की पहलों ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को जनआंदोलन बनाया जिससे प्रकृति के प्रति नवचेतना का संचार हुआ है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में राजस्थान अव्वल, इस वर्ष लगाएंगे 10 करोड़ पौधे

उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो में 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें से लगभग 19 करोड़ पौधे लग चुके हैं। वहीं, इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए आवंटित लक्ष्य में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान से हो रहे जल संरक्षण के कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वच्छ पर्यावरण एवं हरित विकास की दिशा में कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में चयनित जिलों में 11-11 हजार पौधे लगाकर नमो चंदन वन स्थापित किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालयों पर नमो नर्सरी, प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर नमो वन, 16 जिलों में मॉडल उद्यान ऑक्सीजोन, 21 जिलों में गोबरधन-परियोजना के तहत बायो-गैस संयंत्र, 29 अमृत शहरों में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ ही, जयपुर में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान हेतु अर्ली वॉर्निंग सिस्टम स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कैच द रेन अभियान से प्रेरणा लेकर हमने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान शुरू किया, जिसके माध्यम से प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि में जल संरक्षण कार्यों से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रारंभ किया गया वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसमें 1 करोड़ 80 लाख महिलाओं सहित लगभग 4 करोड़ नागरिकों ने योगदान दिया है, जिससे व्यापक स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को जल एवं ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के हर जिले को पर्याप्त पानी देने के लिए योजना बनाई गई है। वहीं, किसान, उद्योग एवं घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। जल संसाधनों के संरक्षण, पुनर्भरण और समुचित उपयोग के लिए संचालित विभिन्न योजनाएं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मिशन हरियालो राजस्थान, एक पेड़ मां के नाम, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, नमो नर्सरी, चंदन वन एवं हरित अरावली विकास एवं संरक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और जनभागीदारी आधारित अभियानों से आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने 7 नवीन पौधशालाओं, 8 प्रे-बेस ऑग्मेंटेशन एनक्लोजर्स का किया लोकार्पण

समारोह में अलवर एवं भिवाड़ी में अर्ली वार्निंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया। साथ ही, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं, ग्रीन-को रेटिंग योजना और हैकाथॉन विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान आरएसपीसीबी के 4 क्षेत्रीय कार्यालयों का शिलान्यास, 7 नवीन पौधशालाओं तथा 8 प्रे-बेस ऑग्मेंटेशन एनक्लोजर्स का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने कैम्पा योजना के अंतर्गत निर्मित 5 फॉरेस्ट गार्ड चौकियों, 1 क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय एवं आवासीय भवन का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर एक नन्हे पर्यावरणमित्र ने मंच पर जाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऑटोग्राफ मांगा। जिस पर मुख्यमंत्री ने बच्चे को दुलारते हुए ऑटोग्राफ देकर बच्चे का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 'प्रकृति से प्रेरित' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया एवं पर्यावरण संरक्षण की नवीनतम तकनीक एवं उपकरणों की जानकारी ली। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद मंजू शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, आरएसपीसीबी अध्यक्ष अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, पर्यावरणविद् एवं प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे।

## राहुल का आरोप- ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट का मकसद सुरक्षा नहीं एक बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाना है; 16 मिनट के वीडियो में डाइविंग करते हुए दिखे

नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार ग्रेट निकोबार आइलैंड प्रोजेक्ट पर झूठ बोल रही है। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार और बीजेपी आपसे कहती है कि ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट रक्षा से जुड़ा है। असल में ऐसा नहीं है। इस प्रोजेक्ट का मकसद सुरक्षा और ट्रांसशिपमेंट नहीं है, बल्कि एक बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाना है। ताकि भारत की सबसे कीमती और अनोखी इकोलॉजिकल जमीन पर होटल और कसीनो बना सके।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर 16 मिनट का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि मैं भारत के सबसे दक्षिणी छोर पर गया। मैं इंदिरा पॉइंट पर खड़ा हुआ। मैं उन पेड़ों के नीचे से गुजरा जो सदियों से वहां खड़े हैं। मैंने दुनिया की सबसे शानदार कोरल रीफ (मूंगा चट्टानों) के बीच गोता



लगाया। राहुल गांधी पिछले डेढ़ महीने से ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के सबसे मुखर आलोचकों में से एक हैं। उन्होंने इसे पर्यावरण, आदिवासी अधिकारों और पारदर्शिता से जुड़ा बड़ा मुद्दा बनाया है, जबकि केंद्र सरकार इसे रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से अहम प्रोजेक्ट बता रही है।

राहुल ने अप्रैल के अंडमान-निकोबार आइलैंड्स के अपने दौरे से जुड़ा 16 मिनट का एक वीडियो जारी किया है। इसके अलावा उन्होंने लोगों से एक पिटीशन पर साइन करने की अपील की ताकि वे मोदी सरकार को बता सकें कि वे लालच के बजाय हरियाली चुनते हैं।

### राहुल गांधी के आरोप

आदिवासी समुदाय की जमीन वन अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करके छीनी जा रही है। बाहर से आकर बसे लोग, जिनमें से कई पूर्व सैनिक हैं जिन्हें भारत सरकार ने इन द्वीपों पर बसाया था, उन्हें भी उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। आईएनएस बाज का विस्तार करें, हम सरकार का पूरा समर्थन करेंगे। नौसेना पांच साल से इसके विस्तार की मांग कर रही है, लेकिन इसे नजरअंदाज किया गया है। 1.5 करोड़ पेड़ काटे जा रहे हैं। सरकारी नक्शों से कोरल रीफ को हटा दिया गया है।

## नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल तीन दिवसीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली.** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल शुक्रवार को तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। इस वर्ष पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि खनाल की यह यात्रा दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल का उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर हार्दिक स्वागत है। नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह यात्रा भारत-नेपाल की विशेष साझेदारी को और सशक्त करेगी। दौरे के दौरान नेपाल के विदेश मंत्री शनिवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विकास सहयोग, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, संपर्क परियोजनाओं और लोगों के बीच संबंधों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक एजेंडा है।

## सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ एवं संरक्षित पर्यावरण के संकल्प के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

निसं

**उदयपुर (नवयत्न)।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में जिंक, लेड और सिल्वर के सबसे बड़े और एकमात्र एकीकृत उत्पादक हिंदुस्तान जिंक ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सघन वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कंपनी ने अपनी सभी परिचालन इकाइयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई प्रभावशाली कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये पहल सस्टेनेबिलिटी और कार्यस्थल पर जिम्मेदारी से काम करने की कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उदयपुर स्थित प्रधान कार्यालय में कर्मचारियों ने ग्रीन वर्कप्लेस इनिशिएटिव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने रोजमर्रा के जीवन में संसाधनों के सही और कम उपयोग से जुड़े आसान लेकिन प्रभावी तौर-तरीकों को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता और हरियाली बढ़ाने के




लिए वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। जिंक स्मेल्टर देबारी में विभिन्न टीमों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। कार्यक्रम में यूनियन प्रमुखों और वरिष्ठ नेताओं ने पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी पर अपने विचार और मार्गदर्शन साझा किए। ईएसजी टीम ने इस वर्ष की थीम, मुख्य प्राथमिकताओं और पर्यावरणीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शॉप फ्लोर से जुड़े बिजनेस पार्टनर कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर लागू की जा रही व्यावहारिक पहलों की जानकारी साझा की। जावर माइंस में भी मुख्यालय के नेतृत्व में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

यहाँ वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता, अखबार से बैग बनाना, पोस्टर मेकिंग और वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी पहलों ने न केवल कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ाया बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचार को भी प्रेरित किया। यह आयोजन हिंदुस्तान जिंक के उस निरंतर प्रयास को रेखांकित करता है जिसके तहत कंपनी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को अपनी कार्य संस्कृति और संचालन का एक अहम हिस्सा मानती है।

### कोबरी-सार




# जयपुर घूमने आई युगांडा युवती में इबोला जैसे लक्षण मिलने से स्वास्थ्य महकमे में हलचल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में इबोला वायरस संक्रमण का पहला संदिग्ध मामला सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। युगांडा से जयपुर घूमने आई 19 वर्षीय विदेशी युवती में इबोला वायरस से मिलते-जुलते लक्षण पाए जाने पर उसे राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आरयूएचएस अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। फिलहाल संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है और जांच रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवती शुक्रवार सुबह एयर अरेबिया की फ्लाइट से शारजाह होते हुए जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची थी। एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की नियमित मेडिकल स्क्रीनिंग के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की टीम ने उसे संदिग्ध श्रेणी में रखा। युवती की ट्रैवल हिस्ट्री युगांडा से जुड़ी होने और स्वास्थ्य संबंधी लक्षण मिलने पर उसे तत्काल विशेष प्रोटोकॉल के तहत आरयूएचएस अस्पताल भेजा गया।

### बुखार, सिरदर्द और पेट दर्द की शिकायत

आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि युवती को बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द और भूख नहीं लगने जैसी शिकायतें थीं। प्रारंभिक जांच में इबोला संक्रमण जैसे कुछ लक्षण मिले हैं, लेकिन




केवल लक्षणों के आधार पर इसे इबोला नहीं माना जा सकता। संक्रमण की पुष्टि लैब रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। आरयूएचएस के प्रिंसिपल डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने बताया कि युवती का एक सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी एनआईवी, पुणे भेज दिया गया है, जबकि दूसरा सैंपल 48 घंटे बाद भेजा जाएगा। दोनों जांच रिपोर्ट आने तक मरीज को क्वारंटाइन और आइसोलेशन में रखा जाएगा। यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 21 दिन तक निगरानी में रखकर उपचार किया जाएगा।

### एयरपोर्ट से अस्पताल तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था

डॉ. ग्रोवर ने बताया कि युवती को एयरपोर्ट से अस्पताल तक पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ लाया गया। किसी भी प्रकार के संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए विशेष बैरिकेडिंग और अलग कॉरिडोर का उपयोग किया गया। मरीज को आरयूएचएस के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के इमरजेंसी आइसोलेशन क्षेत्र में भर्ती किया गया है। इलाज के लिए मेडिसिन, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, सर्जरी, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, बायोकेमेस्ट्री सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित की गई है। मरीज की निगरानी के लिए 24 घंटे डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

### सहयात्रियों को भी दिए गए दिशा-निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने युवती के साथ यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों की पहचान कर उन्हें भी एहतियातन स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने कहा है कि यदि किसी यात्री में बुखार, सिरदर्द, उल्टी, दस्त या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई दें तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

### हवा से नहीं फैलता इबोला, अफवाहों से बचें

इबोला को लेकर लोगों में फैल रही आशंकाओं के बीच आरयूएचएस के प्रिंसिपल डॉ. मोहनीश ग्रोवर ने स्पष्ट किया कि यह बीमारी हवा के माध्यम से नहीं फैलती है। उन्होंने कहा कि आमजन में यह गलत धारणा बन रही है कि संक्रमण वातावरण में फैल रहा है, जबकि वैज्ञानिक रूप से ऐसा नहीं है। डॉ. ग्रोवर के अनुसार संक्रमण का खतरा संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने, उसकी शारीरिक तरल पदार्थों, त्वचा, घाव या छींक-खांसी के दौरान निकलने वाली बूंदों के संपर्क में आने से होता है। इसलिए सामान्य परिस्थितियों में घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सावधानी और सतर्कता जरूरी है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की थी एडवाइजरी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2 जून को ही इबोला वायरस को लेकर एडवाइजरी जारी की थी। इसमें प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों को 21 दिनों तक अपने स्वास्थ्य पर विशेष नजर रखने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा है कि बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त या बिना कारण रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वयं को अलग कर स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचित करें।

### रिपोर्ट के बाद होगी अंतिम पुष्टि

चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल यह केवल संदिग्ध मामला है। पुणे स्थित एनआईवी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवती इबोला वायरस से संक्रमित है या नहीं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

फर्जी मेडिकल रजिस्ट्रेशन रैकेट मामला

## मेडिकल काउंसिल का वेरीफाइंग ऑफिसर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फर्जी एफएमजीई फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन प्रमाण-पत्रों के आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल आरएमसी में पंजीकरण कराने के बहुचर्चित रैकेट में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप सओजी ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान मेडिकल काउंसिल के वेरीफाइंग ऑफिसर कनिष्ठ सहायक फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी निवासी मालपुरा जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर रिश्वत लेकर बिना दस्तावेजों का सत्यापन किए फर्जी प्रमाण-पत्रों को सही बताकर रिपोर्ट देने का आरोप है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि इस मामले की जांच में सामने आया है कि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड भानाराम माली है। वह विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे उन छात्रों से संपर्क करता था जो भारत में चिकित्सा अभ्यास के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा पास नहीं कर पाए थे। भानाराम ऐसे छात्रों के लिए कूटरचित प्रमाण-पत्र तैयार करवाता था और इसके बदले प्रति छात्र 20 से 30 लाख रुपए तक वसूलता था। इसके अलावा इस रकम में से प्रति मामले 2 से 5 लाख रुपए राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन वेरीफाइंग ऑफिसर फरहान हसन को दिए जाते थे। आरोपित फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी वर्ष 2023-24 के दौरान आरएमसी के पंजीकरण अनुभाग में कनिष्ठ सहायक एवं वेरीफाइंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। आरोपित फरहान हसन उर्फ फरहान नकवी का मुख्य दायित्व विदेश से मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर लौटे अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का संबंधित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थानों एवं अन्य एजेंसियों से सत्यापन कर रजिस्ट्रार को रिपोर्ट भेजना था। लेकिन आरोपित ने वित्तीय लाभ के लिए काउंसिल के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर बिना किसी जांच-पड़ताल के फर्जी प्रमाण-पत्रों को सही बताते हुए सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इसके आधार पर अपात्र अभ्यर्थियों को राजस्थान के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप करने और अस्थायी पंजीकरण प्राप्त करने का अवसर मिल गया। एसओजी ने अपराध प्रमाणित होने पर आरोपित फरहान हसन को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में उससे गहन पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एसओजी आरोपित फरहान हसन से पूछताछ के आधार पर यह पता लगाया जा रहा है कि उसके कार्यकाल में कितने और फर्जी पंजीकरण किए गए तथा इस रैकेट में काउंसिल के अन्य कौन-कौन से अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। जांच एजेंसी को इस मामले में आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की उम्मीद है। गौरतलब है कि एसओजी थाना जयपुर में 4 फरवरी 2026 को प्रकरण दर्ज किया गया था। अब तक की कार्रवाई में फर्जी प्रमाण-पत्रों के आधार पर इंटर्नशिप और पंजीकरण कराने वाले 17 विदेशी स्नातक डॉक्टरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा, यूडीसी अखिलेश माथुर, मुख्य आरोपी भानाराम माली तथा एक दलाल को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## फ्लैट के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला इनामी जालसाज गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए फ्लैट बेचने के नाम पर करीब 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पिछले करीब 10 वर्षों से फरार चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने फ्लैट बेचने के नाम पर करीब 17 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले इनामी आरोपित गोपाल यादव 47 निवासी हीरापुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। वैशाली नगर थानाधिकारी आरती सिंह तंवर ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने आसूचना संकलन, तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के बाद आरोपित गोपाल यादव को जयपुर ग्रामीण के कालाडेरा थाना क्षेत्र स्थित आल्डी कलां गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपित गोपाल यादव 16 फरवरी 2016 से फरार घोषित था। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। लंबे समय से फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने आरोपित के संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे कालाडेरा क्षेत्र से दस्तयाब किया गया। आरोपित से मामले में पूछताछ की जा रही है तथा अन्य तथ्यों की जांच जारी है। गौरतलब है कि आरोपित ने सुनियोजित तरीके से आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और फ्लैट बेचने का झांसा देकर परिवादी से करीब 17 लाख रुपए हड़प लिए। इस मामले में वैशाली नगर थाने में वर्ष 2016 में दर्ज किया गया था। वहीं कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रतन लाल, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार, अशोक कुमार, देवी सिंह, मोहन तथा विजय कुमार शामिल रहे। साथ ही हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल देवी सिंह और कांस्टेबल मोहन की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

## बंद कमरे में जुआ खेलते 14 सटोरिये गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बंद कमरे में ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 64 हजार 530 नकद जुआ राशि तथा तीन जोड़ी ताश पत्ती बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बंद कमरे में ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे कन्हैया लाल, संजय कुमार कानखेडिया, घनश्याम सिंह, लोकेश कानानी, शुभम सोनी, सतीश कुमार वर्मा, प्रभुदयाल मीणा, गजेंद्र सिंह, परमानंद, दीपक गोयल, राकेश कुमार रैगर, पंकज खातवानी, शशिकांत और महेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 64 हजार 530 नकद जुआ राशि और तीन जोड़ी ताश पत्ती जब्त की। सिंधी कैंप थानाधिकारी माधोसिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक बंद कमरे में कुछ लोग ताश के पत्तों पर नकद राशि लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर सभी आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद, महेंद्र सिंह, बद्रीनारायण, रामनिवास, कांस्टेबल सतवीर, श्रवण कुमार, राजेंद्र कुमार और रविंद्र कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार सूचना संकलन एवं कार्रवाई को सफल बनाने में कांस्टेबल सतवीर की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

## जागृति रैली के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री कल्याण विमेन वेलफेयर सोसाइटी दंतारामगढ ने जनशिक्षण संस्थान सीकर के सौजन्य से संस्था से जुडे लर्नरस की सहायता से अपने कार्यालय से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर जागृति रैली का आयोजन किया। रैली को मोनिका सामोर उपखंड अधिकारी दांतारामगढ, रतनलाल यादव रामगढ़ एवं पूजा चौहान निदेशक जनशिक्षण संस्थान सीकर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जो कि रामगढ़ के मुख्य मार्गो से जागृति श्लोकों के साथ गुजरते हुए पंचायत समिति परिसर पहुंची। जहां विकास अधिकारी रामनिवास झाझडिया, उपखण्ड अधिकारी मोनिका सामोर, पूजा चौहान, रतनलाल यादव एवं संस्था फाउण्डर बाबूलाल कुमावत के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण किया। रैली संस्था कार्यालय पर सभा में तब्दील हुई जहां पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर निबन्ध, भाषण, चित्रकला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता रेशमा चौधरी राजलिया, कविता, पूजा शर्मा दांता पूजा हरिजन श्यामगढ़, निकिता वर्मा भारीजा, कोमल कुमावत रामगढ़, अनुष्का चौधरी



धोलासरी, प्रिंस कुमावत भोरडो का बास, मनीषा दादरवाल दानजी का बास, खुशबू कुमावत रामगढ़, पूजा ऐचरा सहित विजेताओं को मेहमानों द्वारा मोमेन्टोज, प्रमाण पत्र एवं सभी सहभागियों को शिक्षण सामग्री वितरित की। रतनलाल यादव ने सभी को 10 पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पूजा चौहान ने पर्यावरण संरक्षण के अनेक उपायों पर प्रकाश डाला। इस अवसर परमानन्द कुमावत स्किल निदेशक, ज्योति कुमावत पूर्व एनवीवाई ब्लॉक दांतारामगढ, सुशीला मांडिया एवं रविसिंह राठौड़ जनशिक्षण पदाधिकारीगण, बरजी देवी, सुशीला महला, पूजा वर्मा प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे। संस्था फाउण्डर बाबूलाल कुमावत ने बताया कि संस्था आगामी वर्षा ऋतु में दांतारामगढ़ तहसील के 20 राजकीय विद्यालयों के खेल मैदानों में 1000 वृक्ष मय ट्री गार्ड सहित लगायेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित



विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** कृष्णा पंचगव्य प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र चिड़ावा द्वारा 1 से 5 जून तक चक्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सतत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कृष्णा पंचगव्य योग प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के संचालक व प्रबंधक डॉ. गणेश चेतीवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ विषय पर पर्यावरण के रक्षण संवर्द्धन समन्वित विकास के अंतर्गत विभिन औषधीय एव छायादार पौधों का नि:शुल्क वितरण, पुराने बड़े रोगग्रस्त वृक्षों का रक्षण संवर्ध्दन उपचार प्रबंधन एवं वृक्षारोपण, पक्षियों एवं पशुओं व मानवों के लिए जल की व्यवस्था करना, पर्यावरण के विभिन्न घटक जिसमें जल, जमीन, जंगल, जानवर, जीव जीवांश के लक्षण संवर्द्धन एवं समन्वित विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन एवं आवश्यक नि:शुल्क जानकारी सुझाव परामर्श उपलब्ध कराना, गोपालन आयुर्वेद नेचुरोपैथी पंचगव्य विभिन्न प्राकृतिक चिकित्सा विधियों को अपनाना व प्रोत्साहन देना, भीषण गर्मी से रक्षण संवर्द्धन बचाव उपायों को अपनाना एवं आवश्यक योग प्राणायाम गतिविधियों को प्रोत्साहन करना मुख्य रूप से शामिल था। आयोजन के तहत चिड़ावा के विभिन्न स्थलों एवं देवरोड़, पिलानी, बनगोठड़ी, बेरी, सेही कलां, स्यालू, सूरजगढ़, जीणी सहित कार्यक्रमों का संचालन किया गया। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस चिड़ावा केंद्र पर मनाया गया। पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा उसके रक्षण संवर्द्धन का दायित्व सौंपा गया। आयोजन अशोक कुमार सुरोलिया की अध्यक्षता में हुआ।

इस मौके पर मन्नालाल वर्मा, पवन कुमार, सुनील बदनगढ़िया, रमेश भगेरिया, रोहित कुमार, मनोहर लाल, बनवारी लाल, रोशन लाल, अंकित कुमार, राहुल शर्मा सहित कई गणमान्य जन मौजूद थे।

## साइक्लिस्टों और युवाओं ने लगाए पौधे

**जयपुर ( नवयत्न )।** अभियान के तहत दुर्गापुरा स्थित दुर्गा पार्क में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया तथा हरित एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति युवा संस्था, जयपुर रनर्स क्लब और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट आईआईईएमआर द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में साइक्लिस्ट, फिटनेस प्रेमी, स्थानीय निवासी, स्वयंसेवक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार करना, जैव विविधता को प्रोत्साहित करना तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, आईआईईएमआर के प्रबंध निदेशक मुकेश मिश्रा, इवेंट डायरेक्टर कैप्टन शशि किरण, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया सहित अनेक समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी, साइक्लिस्ट और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आईआईईएमआर के प्रबंध निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरणीय स्थिरता एयू जयपुर साइक्लोथॉन अभियान के प्रमुख स्तंभों में से एक है। पौधारोपण जैसे आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्यए फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान की अगली कड़ी में 6 जून को बिब एक्सपो एवं साइक्लिंग अवॉर्ड्स समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें साइक्लिंग संस्कृति और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साइक्लिस्टों, फिटनेस प्रेमियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

## धरना लगातार 34 वें दिन भी रहा जारी




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचंद्र मिश्र, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर लगातार 34 वें दिन भी शुक्रवार को अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में धरना जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि जब तक धरनार्थियों की मांगे पूरी नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं धरने पर तरूण सियोता, बिलाल भूरान, प्रीतम सांखला, ईस्माईल खान, समीत पंडित, इकबाल खान कायमखानी, मिलाप लाखन, अमजद खां, सोहिल गोपालपुरिया, लियाकत अली आदि मौजूद रहे।

## सूने मकानों को निशाना बनाने वाले दो शातिर नकबजन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में करीब आधा दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि नारायण विहार थाना पुलिस ने सूने मकानों में चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले विकास मेघवंशी 29 निवासी दूदू जयपुर ग्रामीण हाल निवासी निमेड़ा बिन्दायका तथा किशन केवट 19 निवासी श्रीपुर गहार जिला समस्तीपुर बिहार हाल गिरधारीपुरा करणी विहार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं। साथ ही अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातों में उनकी संलिप्तता को लेकर भी जांच जारी है। नारायण विहार थानाधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को एक परिवादी ने नारायण विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 16 अप्रैल को अपने मकान का ताला लगाकर परिवार सहित शाहपुरा में एक शादी समारोह में गया था। 20 अप्रैल को वापस लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और घर की अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखे सोने.चांदी के आभूषण और नकदी गायब थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जहां जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति चोरी की वारदात को अंजाम देते दिखाई दिए। पुलिस ने आरोपियों के भागने का रूट चार्ट तैयार किया, जिससे पता चला कि दोनों आरोपी वारदात के बाद वेस्ट वे हाइट्स क्षेत्र से कमला नेहरू नगर पुलिया की ओर भागे थे। पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने चोरी की वारदात स्वीकार कर लीए जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी गुंजन वर्मा, उपनिरीक्षक राजकुमार, साइबर सेल से हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार, डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल हंसराज एवं राजेश कुमार, कांस्टेबल राजवीर, चैनाराम और कमलेश कुमार शामिल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर दिया एक पेड़ माँ के नाम का संदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय के बाहर गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में ष्एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, छगन माहुर, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर मदन राठौड़ ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण अवसर है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया ष्एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति संरक्षण के साथ मातृत्व सम्मान का भी प्रतीक है। राठौड़ ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में भाजपा के जिला और मंडल स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी आमजन को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा लगाए गए पौधों के शत.प्रतिशत संरक्षण के लिए निगरानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### एमजेडी महाविद्यालय में रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र की स्थापना




**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत रानी लक्ष्मी बाई केन्द्र की स्थापना की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मूल चन्द ने बताया कि यह केन्द्र महाविद्यालय की छात्राओं को ओर अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करेगा जिससे एक सुदृढ समाज का निर्माण होगा। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सरिता ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ कक्ष संख्या 8 में इस केन्द्र की स्थापना की गई। महाविद्यालय की कुल छात्र संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक छात्राएं अध्ययनरत है। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देकर उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। महाविद्यालय की समस्त नियमित छात्राएं अपना पंजीकरण करवाकर इस केन्द्र के उद्देश्य से लाभान्वित होवें। इस अवसर पर महाविद्यालय महिला स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## पर्यावरण दिवस पर गोशाला में लगाए पौधे



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पंडित गणेश नारायण सुरभि गोशाला में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए टर्मिनिया एवं कुनु कार्ब्स प्रजाति के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। गोशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौसेवकों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण कर हरित वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कैप्टन महेश बुगालिया ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की मांग है। इसके साथ-साथ उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। पौधरोपण अभियान में शिवनारायण बुगालिया, महेन्द्र केडिया, मनोहर सिंह, महिपाल कुमावत, गौरीशंकर सैनी, सुरेंद्र कुमार, महावीर प्रसाद बुगालिया, सुमेर सैनी, रक्षित बुगालिया सहित अन्य गौसेवकों ने भाग लिया।

## ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल थे, वहीं अध्यक्षता संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंजू कुमारी ठोलिया उपस्थित रही। प्रधानाचार्य सुमन वर्मा ने बताया कि शिविर प्रभारी मनीषा सैनी के नेतृत्व में 22 मई से शुरु हुए अभिरुचि शिविर में कक्षा 6 से 8 की बेटियों के लिए शैक्षणिक सुदृढीकरण, कला एवं रचनात्मकता तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभिरुचि शिविर में दक्ष प्रशिक्षक के रूप में रामेश्वर लाल बाकोलिया, गुलाब सिंह चेतीवाल, रंभा एवं रितु ने विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि सज्जन अग्रवाल द्वारा समस्त बेटियों को मिठाई व एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनमोल द्वारा किया गया।

## पौधरोपण एवं परिण्डा अभियान का शुभारम्भ



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कस्बे के मुरारका गार्डन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुशील पारीक के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडा बांधने का अभियान शुरू किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस सेवादल के अयूब बिलू तथा जिला कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लोकेश जांगिड़ ने पौधरोपण कर एवं पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर अभियान का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना भी मानवता का महत्वपूर्ण दायित्व है। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गुर्जर, पार्षद प्रदीप शर्मा, महेंद्र सैनी, अनिल शर्मा, विजय वाल्मीकि, प्रमोद शर्मा, यूथ कांग्रेस के अनिल सैनी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष जयवीर गुजराती, भूपेश पारीक, अख्तर बारुदगरान, छात्र नेता अरुण शर्मा, आदिल खत्री, मनोज गुर्जर, अंकित दाधीच, रामगोपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पक्षियों के लिए परिंडे बांधने की अपील की गई।

## सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** ठड्डे वाले बालाजी मंदिर में अधिकमास के महीने में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में रंग बिरंगे फूलों एवं रोशनी से विशेष सजावट की गई। मंदिर पुजारी सुभाष शर्मा के आचार्यत्व में भक्तों ने संगीत मय हनुमान चालीसा का पाठ कर बालाजी महाराज का गुणगान किया। महा आरती कर बाबा के आमरस का भोग लगाकर भक्तों को भोजन प्रसादी खिलाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण, श्रमदान एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के सुअवसर पर अणुव्रत समिति नोखा द्वारा आज उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधारोपण, श्रमदान एवं दो घंटे ए.सी. बंद संकल्प का त्रिवेणी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रात:काल कार्यवाहक उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार चंद्रशेखर टाक विकास अधिकारी पंचायत समिति नोखा भोमसिंह इंदा सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों ने कार्यालय परिसर में नीम, पीपल, गुलमोहर के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी ने श्रमदान कर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा आज दोपहर 2से 4बजे तक ए सी का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आज के अलावा प्रति सप्ताह एक दिन दोपहर 2 से 4 बजे ए. सी. बंद रखने का संकल्प दोहराया। समिति के संरक्षक निर्मल भूरा ने पेड़ पौधों को धरती का श्रृंगार बताया आबादी क्षेत्र में पौधारोपण की आवश्यकता पर बल दिया । कार्यक्रम में अणुव्रत समिति नोखा के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि समिति द्वारा नोखा शहर में आगामी जुलाई माह में अणुव्रत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस वाटिका में औषधिय 400 पौधे लगाए जाएंगे । वाटिका पर्यावरण शिक्षा, योग-ध्यान एवं वरिष्ठ नागरिकों के भ्रमण हेतु समर्पित होगा। आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष हंसराज भूरा कोषाध्यक्ष हरिकिशन शर्मा पर्यावरण प्रेमी एवं शिक्षा से जुड़े हुए सुरेंद्रसिंह एलेखराम गोदारा, दिनेश उपाध्याय, शीशपाल विश्नोई का सक्रिय सहयोग रहा। वही दूसरी और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठन जन अधिकार सेना द्वारा शुक्रवार को नोखा रीको औद्योगिक क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के छायादार और पर्यावरण हितैषी पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है तथा भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध पेड़ों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर संगठन ने हरे सोने की क्रांति का संदेश देते हुए पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष कानाराम शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा शहर मण्डल अध्यक्ष कैलाश कठातला, पुखराज सांखी, मोहित, दिनेश बन गोस्वामी, अभिषेक गिरी, कमल व्यास, अनोप सिंह, भवानी गिरी, प्रेम सिंह सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे। वही राजकीय मांगीलाल बागड़ी महवीधालय मे भी पौधारोपण किया गया।

### दो घंटे एसी बंद अभियान को मिला अभूतपूर्व समर्थन

अणुव्रत समिति नोखा के नेतृत्व में आज दोपहर 2 से बजे तक चलाए गए ए.सी. बंद अभियान को नगरवासियों का व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ। समिति के सदस्य अरिहंत सुखलेचा ने बताया कि इस ऊर्जा बचत संकल्प के अंतर्गत 167 व्यक्तिगत आवासों एवं 40 संस्थागतध्राजकीय कार्यालयों में ए.सी पूर्णत: बंद रखे गए। समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए समस्त संस्थाओं, राजकीय कार्यालयों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं जागरूक आम नागरिको का आभार व्यक्त किया।

## तपेश त्यागी सेवार्थ वसुंधरा गौरव सम्मान से सम्मानित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गौरव हॉस्पिटल के निदेशक एवं समाजसेवी डॉ तपेश त्यागी को सेवार्थ वसुंधरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। डॉ तपेश त्यागी द्वारा चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों एवं जनहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है, जिसके लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने डॉ तपेश त्यागी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। डॉ तपेश त्यागी ने इस सम्मान के लिए सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी समाज सेवा एवं मानव कल्याण के कार्यों में अपनी सक्रिय सहभागिता बनाए रखेंगे।

## सरस्वती टीटी कॉलेज में मनाया पर्यावरण दिवस



हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** उपखंड के जीर की चौकी स्थित सरस्वती टीटी कॉलेज मे हर वर्ष की भांति इस बार भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन और स्टॉफ सदस्यों एवं बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं व सरस्वती आइटीआई के प्रशिक्षाणिर्थीयो ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न किस्म के छायादार, सजावटी, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाये। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक केपी सिंह ने कहा की इस वृक्षारोपण अभियान से कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्टॉफ के सदस्यों का प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ेगा और संस्थान के पर्यावरण में सुधार होगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ नीतू सिंह राठौर ने कहा की हमें पर्यावरण व प्रकृति की समद्धि के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए तथा उनकी साज-संभाल भी करनी चाहिए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अणुव्रत समिति ने चलाया जनजागरण अभियान

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अणुव्रत समिति, सरदारशहर द्वारा शाकम्भरी विद्यापीठ, सिलामपुरिया कुएं के पास विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं सहित आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया तथा लोगों को पौधों का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण हितैषी जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इको-फ्रेंडली कैरी बैग भी वितरित किए गए। पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए परिंडे और पक्षी घर स्थापित किए गए, ताकि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को पानी एवं सुरक्षित आश्रय उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर आयोजित संवाद सत्र में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, प्लास्टिक मुक्त जीवन तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए समिति ने नागरिकों से दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक एसी बंद रखने का आह्वान किया। इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देना रहा। अणुव्रत समिति की अध्यक्ष सुमन भंसाली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का सतत दायित्व है। उन्होंने अधिकाधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर पुष्पा शर्मा, सुरेंद्र दूगड़, सरोज कंवर, विमल जम्मड़, अनिल श्यामसुखा, दिव्या गौड़, आलोक सिंह, शोभा चारण, रायचंद, भूमि श्यामसुखा एवं ऋषिराज सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने किया।

# नि :शुल्क योग क्लास में पौध वितरण व जन्मदिवस समारोह आयोजित

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री नामदेव नि:शुल्क योग क्लास में गुरुवार प्रात: योगाभ्यास के पश्चात पौध वितरण एवं जन्मदिवस समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय उप जिला चिकित्सालय, सरदारशहर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ रहे। इस अवसर पर डॉ चंद्रभान जांगिड़ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पेड़-पौधे हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वातावरण को प्रदूषणमुक्त बनाने के साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योग साधक गोपाल भिवानिया ने संस्कृत के प्रसिद्ध लोक दशकूप समावापी, दशवापी समो ह्रद:। दशह्रद सम: पुत्रो, दशपुत्र समो द्रुम:॥ की व्याख्या करते हुए वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही वृक्षों को जीवनदाता माना गया है। पर्यावरण संरक्षण, शुद्ध वायु और मानव जीवन की सुरक्षा के लिए वृक्षों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर योग साधक गोपीकिशन सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी सपना सोनी का जन्मदिवस भी योग परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोनों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा शुभकामनाएं दी गई। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी योग साधकों को पौधों का वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्ष संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में योग गुरु मोहनलाल शर्मा, राजीव भोजक, संतलाल बड़सर, बाबूलाल प्रजापत, ललित जोशी, सुलोचना वर्मा, अनिता भोजक, नेहा दर्जी, संतोष शर्मा, राजेश सैनी, भवानी सोनी, नथमल वर्मा, सांवर सोनी, गोपाल भिवानिया, आनंद सोनी सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योग साधक पवन कुमार भोजक ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने उनके समर्पण, सेवाभाव, संगठन क्षमता एवं कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से योग क्लास निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रही है। अंत में योग गुरु मोहनलाल शर्मा एवं सांवरमल सोनी ने सभी अतिथियों, योग साधकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए नियमित योग, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश दिया।

## कूलर खरीदने के विवाद में कबाड़ व्यापारी की हत्या करने वाला गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कबाड़ व्यापारी रामअवतार असवाल उर्फ पप्पू 55 की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने मात्र तीन दिन में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि कबाड़ खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपित ने पहले लोहे के एंगल से हमला किया और फिर धारदार हथियार से वार कर रामअवतार की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सपुलता हासिल की।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए सीआई सुरेंद्र सिंह और शाहपुरा थानाधिकारी रिया चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किटेज खंगाली। लगातार जांच और सूचना संकलन के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपित ने हत्या करना स्वीकार के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहेल पुत्र कुतुबुद्दीन लुहार निवासी लुहार मंडी, मनोहरपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक रामअवतार असवाल 55 वर्षों से कबाड़ का कारोबार करते थे और श्याम मार्केट स्थित उनकी दुकान ही कबाड़ गोदाम के रूप में भी उपयोग में ली जाती थी। एक जून की शाम आरोपी सोहेल खान कबूतरों के लिए पुराना कूलर खरीदने के उद्देश्य से वहां पहुंचा था। कूलर की खरीद-फरोख्त को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई। जांच में सामने आया कि विवाद बढ़ने पर आरोपी ने मौका देखकर दुकान पर बैठे राम अवतार के सिर पर लोहे के एंगल से हमला कर दिया। हमले से घायल होकर गिरने के बाद आरोपी ने धारदार हथियार चाकू से उनकी गर्दन और हाथ पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। गौरतलब है कि दो जून को मृतक के भाई गुलाब असवाल ने मनोहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामअवतार असवाल रात तक घर नहीं लौटे और फोन भी नहीं उठा रहे थे। इस पर भतीजे इशांत असवाल को दुकान पर भेजा गया, जहां रामअवतार मृत अवस्था में मिले। उनके सिर और गर्दन पर धारदार हथियार से गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस अब आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का एंगल और धारदार हथियार बरामद करने के प्रयास में जुटी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** आईएएसई (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), सरदारशहर के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय तथा विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. एम.एम. शेख, राजकीय लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चूरू ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण एवं जैव विविधता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति के संरक्षण के बिना सतत विकास की कल्पना संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि डॉ सुभाष सुथार व्याख्याता भूगोल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दुलरासर ने युवाओं को वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया तथा पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन का आह्वान किया। कार्यक्रम में कैम्पस निदेशक डॉ पुष्पा, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. वीके स्वामी, शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ ओपी शर्मा, प्रो शिवम चतुर्वेदी, प्रॉक्टर डॉ अभिमन्यु सिंह, डॉ चन्द्रकला स्वामी, राजेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनीशा रजलीवाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ धर्मेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरणीय चेतना के प्रतीक स्वरूप इंडोर प्लांट भेंट किए गए तथा विश्वविद्यालय उद्यान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# मूल से उखड़ती तृणमूल



तृणमूल कांग्रेस के विधायकों में टूट के बाद उसके संसद सदस्यों में भी टूट की आशंका उभर आने पर आश्चर्य नहीं, क्योंकि जैसे पार्टी के अधिकांश विधायक ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य-व्यवहार से खफा थे, वैसे ही कई सांसद भी हैं। कुछ की तो नाराजगी भी सामने आ चुकी है। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि बागी विधायकों की ओर से विधानसभा में अपना नया नेता चुन लिए जाने पर तृणमूल कांग्रेस के अधिकतर सांसदों ने चुप्पी सी साध रखी है। तथ्य यह भी है कि बीते दिनों जब ममता भतीजे अभिषेक पर कथित गंभीर हमले के खिलाफ धरने पर बैठीं तो ज्यादातर विधायक और सांसद नदारद थे।

यदि ममता बनर्जी ने भतीजे अभिषेक को जरूरत से ज्यादा अहमियत नहीं दी होती तो शायद पार्टी उनके हाथ से जाने की नौबत नहीं आती। उन्हें परिवारवाद को प्रश्रय देने के साथ ही अपने नेताओं के बेलगाम भ्रष्टाचार की भी कीमत चुकानी पड़ रही है। तृणमूल कांग्रेस में टूट शिव सेना और एनसीपी में टूट की याद दिलाने वाली है। इन दोनों दलों में टूट का एक कारण यह भी रहा कि जहां एनसीपी प्रमुख शरद पवार बेटी को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं शिव सेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे बेटे को। वैसे जहां शिवसेना और एनसीपी में टूट इसलिए हुई, क्योंकि बागी गुट सत्ता का साथ चाहता था, वहीं तृणमूल कांग्रेस में असंतुष्ट नेताओं के अलगाव का कारण सत्ता सुख पाना नहीं है। इस दृष्टि से तृणमूल कांग्रेस की टूट कुछ अलग भी है। साफ है कि असंतुष्ट नेताओं को पार्टी चलाने का ममता का तरीका और खासकर भतीजे को आगे बढ़ाना रास नहीं आया।

पुराने और अनुभवी नेताओं को कभी यह स्वीकार नहीं होता कि पार्टी प्रमुख अपने बेटे-बेटियों अथवा भाई-भतीजों को उन पर थोप दे। परिवारवादी दल कई बार अपने परिवार के ऐसे सदस्य को पार्टी पर थोप देते हैं, जो बिल्कुल अनुभवहीन होते हैं। उन राजनीतिक दलों में भी टूटन अधिक होती है, जिनकी कोई विचारधारा नहीं होती। तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा जानना उसी तरह कठिन है, जैसे पिछले दिनों टूट का शिकार हुई आम आदमी पार्टी की।

लोक लुभावन नीतियों, जाति या समुदाय विशेष के तुष्टीकरण के सहारे किसी राजनीतिक दल को अधिक दिनों तक नहीं चलाया जा सकता। ऐसे दलों में सत्ता के लोभ में दूसरे दलों के नेता आ तो जाते हैं, लेकिन जैसे ही सत्ता जाती है, वे अपना अलग ठिकाना खोजने लगते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने भले ही अपना एक कैडर बना लिया हो, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि पार्टी के अधिकांश नेता दूसरे दलों से अपने स्वार्थों की पूर्ति करने के इरादे से आए थे। इनमें से अधिकतर वाम दलों से आए थे और शायद यही कारण रहा कि ममता ने वही तौर-तरीके अपना लिए, जो वामपंथियों ने अपना रखे थे।

## विशेष आलेख

# जब अपनों से ही खतरा बढ़े, तो समाज अपनी बेटियों और बच्चों को कैसे बचाए?




आए दिन क्रूरता और स्त्रियों की गरिमा का हनन करने वाले अपराधों के ब्योरे मन को झकझोर देते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट कहती है कि हिंसा और यौन शोषण की घटनाओं में वर्ष 2000 के बाद लगातार वृद्धि हो रही है। यदि पिछले एक दशक के आंकड़े ही निकालकर देखें, तो पता चलता है कि समाज अराजकता और शोषण की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसमें वह कथित सभ्य समाज भी है, जो खुद को पढ़ा-लिखा और उच्च मानता है। दूसरों का भरोसा जीतकर धोखा देने या विश्वासघात करने वालों की संख्या भी इस समय बढ़ गई है। ऐसे में किसी पर भी यकीन करना मुश्किल होता जा रहा है।

आज एक तरफ समाज में शिक्षा, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक प्रगति से आम आदमी में खुशहाली लाने की बात हो रही है, तो दूसरी तरफ समाज में बढ़ती हैवानियत बता रही है कि समाज आज किस दिशा में जा रहा है। राज्य सरकारें आम आदमी की सुरक्षा पहले से बेहतर होने का दावा करती रही हैं, लेकिन बढ़ते अपराध इस दावे को झुठलाते हैं। गौर करें तो 16 दिसंबर 2012 से लेकर 2026 के दौरान हैवानियत की घटनाओं में ही वृद्धि नहीं हुई है, बल्कि क्रूरता का स्तर भी चरम पर पहुंच गया। वर्ष 2012 में दिल्ली में निर्भया कांड ने पूरे देश को उद्वेलित कर दिया था। निर्भया मामले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा मानकों में कई सुधार किए, बावजूद इसके क्रूरता की हदें पार करने वाली घटनाएं होती रहीं। इस पर पुलिस और सुरक्षा से जुड़ी अन्य एजेंसियों पर सवाल खड़े किए गए। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इंसानियत को तार-तार करने वाली घटनाएं घटती रही हैं।

### दिल्ली में फ्लैट में मिला डीयू की असिस्टेंट प्रोफेसर का शव, हत्या की आशंका

निर्भया कांड के बाद महिलाओं और लड़कियों की असुरक्षा को लेकर एक राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई थी। इसके बाद केंद्र ने आपराधिक कानूनों में संशोधन, निर्भया फंड की स्थापना, त्वरित सुनवाई अदालतों की शुरुआत के साथ किशोर अपराध कानून पर पुनर्विचार किया। फिर भी आपराधिक घटनाओं में कोई कमी नहीं आई। वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अपहरण, बलात्कार और हत्याकांड ने निर्भया कांड की यादें फिर ताजा कर दी थीं। फिर 2019 में हैदराबाद में महिला चिकित्सक की हत्या, 2020 में हाथरस कांड और इसी वर्ष उन्नाव में हुई घटना ने पूरे देश को एक बार फिर झकझोर कर रख दिया था। मुंबई में 2013 में महिला फोटो पत्रकार और बाद में एक अन्य महिला से सामूहिक बलात्कार, अजमेर में सामूहिक यौन शोषण तथा बदायूं में दो किशोरियों के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या इंसानियत को तार-तार करने वाली घटनाएं थीं।

सवाल यह है कि कठोर कानून, त्वरित सुनवाई अदालतों के गठन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के बाद भी घटनाओं में कमी क्यों नहीं आई है? सवाल यह भी है कि शिक्षा का स्तर और जागरूकता बढ़ने के बावजूद बाल यौन शोषण में कमी आने के बजाय लगातार बढ़ोतरी क्यों हो रही है?

वर्ष 2012 में केंद्र सरकार ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण के लिए अधिनियम-2012 नामक एक विशेष कानून पारित किया था और बच्चों के साथ हुए अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों की स्थापना की। मगर दस वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि न्यायालयों की स्थापना के बाद 2023 तक पाक्सो से संबंधित दो लाख 43 हजार से अधिक मामले लंबित थे। एक सर्वेक्षण के मुताबिक हर दस बच्चों में से एक बच्चा यौन शोषण और हिंसा से प्रभावित है। इसी तरह यौन शोषण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की औसत उम्र नौ साल है। सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में, जहां पिछले आठ वर्षों में आम आदमी की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा गौर किया गया, वहां भी यौन अपराध की दर में कमी नहीं आई है। अक्तूबर 2025 तक के आंकड़े बताते हैं कि देश में कुल अपराधों में से बच्चों के साथ किए गए अपराध 45 प्रतिशत से अधिक हैं। इससे साबित होता है कि बच्चों के साथ हिंसा, क्रूरता और बलात्कार के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। यह तब है जब अपराधी की क्रूरता को देखते हुए उसे अधिकतम सजा दिए जाने का प्रावधान है। इसका मतलब है कि वर्ष 2012 में बनाया गया पाक्सो कानून अपराधियों पर नकेल कसने में नाकाम रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक बाल यौन शोषण, बच्चों के साथ क्रूरता और हिंसा वाले मामलों में ज्यादातर मामले अपहरण किए गए बच्चों से संबंधित हैं। अपहरण के मामलों में लड़कियों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके अलावा मानव तस्करी के मामले भी बहुत बड़ी संख्या में सामने आए हैं।

ये आंकड़े बयान करते हैं कि बाल यौन शोषण रोकने के लिए केवल कानून ही काफी नहीं है, बल्कि बच्चों को हर तरह से जागरूक करने की भी जरूरत है। चिंता की बात यह है कि ऐसे कई मामलों में सगे-संबंधियों ने भी भरोसा तोड़ा। हजारों की संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इस साल रामभुवन का मामला चर्चा में रहा। सवाल यह है कि समाज में रिश्तों की पवित्रता पर दाग लगाने वालों की संख्या लगातार क्यों बढ़ रही है? रिश्तों की विश्वसनीयता खत्म होना सभ्य समाज के पतन का सूचक है, फिर आर्थिक, शैक्षिक और विचारात्मक विकास का क्या मतलब रह जाता है?

यूनिसेफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 20 वर्ष से कम उम्र की कम से कम 12 करोड़ लड़कियों का हर साल यौन शोषण किया जाता है। इनमें 90 प्रतिशत लड़कियों ने स्वीकार किया कि उन्हें यौनकर्मी बनाने के लिए ले जाने वाला व्यक्ति परिचित, दोस्त या उनका ही सगा था। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि जान-पहचान के लोग ही नाजायज फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि जब ऐसे लोगों में कानून का डर खत्म हो गया है और संबंधों की पवित्रता को तार-तार करने वालों की बाढ़ आ गई हो, तो समाज में महिलाओं, लड़कियों और बच्चों को किस तरह सुरक्षित किया जा सकता है? समाज में बढ़ती अपराध की प्रवृत्ति में यदि अपने ही लोग दाग लगाने लगे हों, तो आपसी रिश्तों को कैसे बचाया जा सकता है?आज के दौर में जब बच्चों का सारा ध्यान मोबाइल गेम, रील और वीडियो पर केंद्रित हो गया हो, तो उनको समझाने के लिए कौन-सा तरीका बेहतर रहेगा? कठोर कानून का भी लोगों में डर नहीं है, तो यौन अपराधों को किस तरह रोका जाएगा?

देश में परिवार का स्वरूप भी कमजोर पड़ रहा है। बच्चे एकाकी जिंदगी जीने के अभ्यस्त हो गए हैं। वे बिना सोचे-समझे अनजान लोगों पर भरोसा कर लेते हैं और अपने साथ हुई घटना माता-पिता को नहीं बताते। यही वजह है कि अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति बच्चों को लालच देकर उनका शोषण करने लगते हैं। यह स्थिति बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्य जीवन में सुख और आनंद मिलेगा। दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है।

### वृष
आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी। आपका मन किसी एक निश्चित निर्णय लेने की स्थिति नहीं रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### मिथुन
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मन दुख होने से घर का वातावरण दूषित होगा। धन का खर्च अधिक होगा।

### कर्क
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख शांति रहेगी। पिता से किसी तरह का आर्थिक लाभ मिल सकता है। सामाजिक जीवन में भी आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। विरोधियों को पराजित कर पाएंगे।

### कन्या
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े कामकाज में सावधानी बरतें।

### तुला
आज शारीरिक ताजगी का आप में अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है। संतान के विषय में चिंता सताएगी। दोपहर के बाद भी स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।

### वृश्चिक
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक योजनाओं को ठीक तरह से पूरा कर सकेंगे।

### धनु
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई मुश्किल हो सकती है।

### मकर
भाग्य का सहकार कम ही मिलेगा। अधिकारी से विवाद ना करें। संतान के विषय में चिंता रहेगी आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### कुंभ
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बौद्धिक चर्चा में अपने टेलेंट को बता पाएंगे।

### मीन
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। सहकर्मियों का सहयोग मिलने के बाद आनंद दोगुना हो जाएगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# होंठों पर कैस्टर ऑयल लगाने से मिलते हैं कई फायदे, नैचुरली पिंक होंगे लिप्स

त्वचा और बालों पर आपने अरंडी लगाते हुए आपने अक्सर लोगों को देखा होगा। वहीं कुछ लोग इसका सेवन भी करते हैं। क्योंकि इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कुछ जरूरी पोषक तत्वों के साथ-साथ कई औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है। इसमें ओमेगा-6 और 9 जैसे हेल्दी फैट्स मौजूद होते हैं। साथ ही विटामिन ई की अच्छी मात्रा होती है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। इसके अलावा, अरंडी के तेल में एंटी-इन्फलेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण भी होते हैं। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और पेट स्वस्थ रहता है। चेहरे पर नियमित इस तेल को लगाने से एलर्जी, कील-मुंहासे और दाग-धब्बे आदि जैसी समस्याएं दूर रहती हैं। अगर आप होंठों पर रोजाना अरंडी का तेल लगाएं, तो यह आपके होंठों को कोमल और गुलाबी बनाने में मदद कर सकता है।



### होंठों पर अरंडी का तेल लगाने के फायदे

- होंठों के आसपास की पिगमेंटेशन दूर होती है
- डेड स्किन साफ होती है
- होंठों की ड्राईनेस दूर होती है
- होंठ नैचुरली मॉइश्चराइज रहते हैं और हाइड्रेट रहते हैं
- फटे होंठों से छुटकारा मिलता है
- काले-चपटे होंटों की समस्या दूर होती है
- धीरे-धीरे होठों की रंगत नैचुरली गुलाबी होने लगती है

### होंठों पर कैस्टर ऑयल कैसे लगाएं

- होंठों को स्वस्थ रखने के लिए आप अरंडी के तेल को सीधे तौर पर लगा सकते हैं। आपको बस इसकी 1-2 बूंद लेनी हैं और इसे होंठों पर लगाकर कुछ मिनट मसाज करनी है। उसके बाद छोड़ दें। ऐसा नियमित घर से बाहर निकलने और रात में सोने से पहले करें।
- इसके अलावा, आप अरंडी के तेल से बने लिप बाम बाजार से खरीद सकते हैं या घर पर भी बना सकते हैं। अरंडी के तेल से लिप बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए आपको एक पैन में एक छोटा टुकड़ा शिया बटर का डालना है और इसे गर्म करके पिघला लेना है। उसके बाद गैस बंद कर दें और इसमें 1-1 चम्मच अरंडी का तेल, कोई एक अन्य तेल और शहद डालकर मिलाएं। आपका लिप बाम तैयार है। इसे नियमित होंठों पर लगाएं और नैचुरली गुलाबी होंठ पाएं।

# खून की कमी (एनीमिया) होने पर इन तरीकों से खाएं मुनक्का, हीमोग्लोबिन भी बढ़ेगा

अगर आपको अक्सर थकान या कमजोरी रहती है, तो यह एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं। एनीमिया एक ब्लड डिसऑर्डर है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य स्तर से कम हो जाती हैं। इसकी वजह से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर भी कम होने लगता है। आपको बता दें कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में खून की कमी होने लगती है। यह समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती है। एनीमिया में आयरन का स्तर कम होने लगता है। इसलिए इस स्थिति में अक्सर आयरन सप्लीमेंट दिए जाते हैं। इसके अलावा, कुछ लोग एनीमिया होने पर घरेलू उपायों का भी सहारा लेते हैं। इसके लिए मुनक्का एक अच्छा उपाय साबित हो सकता है। मुनक्का में आयरन समेत कई पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। अगर आप नियमित रूप से मुनक्का का सेवन करेंगे, तो इससे आप सेहतमंद रह सकते हैं।



**शहद के साथ खाएं मुनक्का :** एनीमिया की समस्या होने पर आप मुनक्का को शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं। मुनक्का और शहद, दोनों पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप इन दोनों को एक साथ खाएंगे, तो इससे शरीर को पर्याप्त पोषण मिलेगा। आपको बता दें कि मुनक्का और शहद, कैल्शियम, आयरन और कई अन्य मिनरल्स का अच्छा सोर्स होते हैं। इन दोनों को एक साथ खाने से सर्दी-जुकाम से बचा जा सकता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। साथ ही, रोजाना मुनक्का और शहद खाने से खून की कमी भी दूर होती है। मुनक्का और शहद हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके लिए आप मुनक्का को रातभर भिगोकर रख दें। सुबह शहद के साथ इनका सेवन करें।

**अंजीर के साथ खाएं मुनक्का :** अगर एनीमिया की वजह से आपको अक्सर कमजोरी का अनुभव होता है, तो मुनक्का और अंजीर का सेवन करें। मुनक्का और अंजीर खाने से खून की कमी को दूर किया जा सकता है। अंजीर में भी आयरन की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना मुनक्का और अंजीर का सेवन करेंगे, तो हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ सकता है। इसके लिए आप अंजीर और मुनक्का को रातभर दूध या पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसका पानी उबाल लें और फिर छानकर पी लें।

**भीगे हुए मुनक्का खाएं :** अगर आप चाहें तो रोजाना सिर्फ 5-6 मुनक्का खाकर भी एनीमिया से लड़ सकते हैं। इसके लिए आप रातभर मुनक्का को पानी में भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट मुनक्का खाली पेट खा लें। इससे आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होगी। साथ ही, पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहेगा। रोजाना भीगे हुए मुनक्का खाने से आपके आयरन की जरूरत पूरी होगी। इससे लाल रक्त कोशिकाएं और हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ेगा। इससे आपको एनीमिया के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।

**दूध के साथ खाएं मुनक्का :** मुनक्के को दूध के साथ खाना भी फायदेमंद होता है। दरअसल, मुनक्का की तरह ही दूध में भी कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं, जो शरीर की कमजोरी दूर करते हैं। एनीमिया होने पर आप मुनक्का को दूध में उबालकर खा सकते हैं। इसके लिए आप एक गिलास दूध में 3-5 मुनक्का डालें। इसे अच्छी तरह से उबालें, फिर छानकर दूध पी लें। आप चाहें तो मुनक्का भी चबाकर खा सकते हैं। रोज रात को मुनक्का वाला दूध पीने से एनीमिया के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है। इससे आपको ताकत मिलेगी और आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

# काली किशमिश और केसर का पानी पीने से सेहत को मिलते हैं यह फायदे

कुछ लोगों को सुबह उठते ही थकावट और कमजोरी महसूस होने लगती है। कभी-कभी ऐसा होना नॉर्मल है, लेकिन रोज ऐसा होना शरीर की कमजोरी का कारण भी हो सकता है। अगर डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल पर ध्यान दिया जाए, तो इस समस्या से जल्द राहत पायी जा सकती है। इसके साथ ही अगर काली किशमिश और केसर के पानी का सेवन किया जाए, तो शरीर में दिनभर एनर्जी बनी रहती है। काली किशमिश और केसर में पाए जाने वाले आवश्यक गुण आपको दिनभर एक्टिव रखने में मदद कर सकते हैं। यह न सिर्फ कमजोरी दूर करने के लिए फायदेमंद है, बल्कि कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत भी दे सकता है।

**पाचन की समस्या में राहत दे :** केसर और किशमिश के पाने का सेवन करने से पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। काली किशमिश को भिगोने से इसमें फाइबर की मात्रा बढ़ जाती है। वहीं केसर में मौजूद गुण आंतों की सफाई करने में मदद करते हैं। इनके पानी का सेवन करने से स्टूल को आसान बनने में मदद मिलती है। यह पाचन क्रिया को तेज करने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**बालों को हेल्दी बनाए रखे :** काली किशमिश में आयरन के साथ विटामिन-सी की मात्रा भी अधिक पायी जाती है। यह बालों को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है। काली किशमिश और केसर का पानी पीने से बालों को मजबूती मिलती है, और बालों का झड़ना बंद होता है।

**कमजोरी दूर करने में मदद करे :** शरीर की थकावट और कमजोरी दूर करने के लिए यह एक अच्छा विकल्प है। काली किशमिश में मौजूद आयरन शरीर में रेड ब्लड सेल्स बढ़ाने में मददगार है। इससे एनिमिया के खतरे को भी कम किया जा सकता है। रोज सुबह काली किशमिश और केसर का पानी पीने से दिनभर एक्टिव रहने में मदद मिल सकती है।

**शरीर को डिटॉक्स करने में मददगार :** बॉडी डिटॉक्स करने के लिए भी केसर और काली किशमिश का पानी फायदेमंद है। यह शरीर से टोक्सिन बाहर निकालकर लिवर डिटॉक्स करने में मदद करता है। केसर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं।

**मूड को रिलैक्स रखने में मदद करे :** केसर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। यह मूड बूस्ट करने में तो फायदेमंद है, साथ ही शरीर में स्ट्रेस हार्मोन को कंट्रोल करने में भी मददगार है। इसके नियमित सेवन से आपको रिलैक्स रहने में मदद मिलेगी।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

केसर और काली किशमिश का पानी त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल्स से लड़कर स्किन डैमेज और एजिंग को रोकने में मदद करता है। यह स्किन को हाइड्रेटेड रखने में भी मददगार है।

# सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एव लिगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य का हुआ शुभारम्भ

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के रोडवेज बस डिपो परिसर में गुरूवार देर शाम को विकास कार्यो को लोकार्पण व अभिनन्दन समारोह आयोजित हुआ। नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल समारोह के मुख्य थे। गणेश चैतन्य महाराज, भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विश्म्भर पूनियां, सीईओ झुन्झुनू परसाराम धाणका, नवलगढ़ विकास अधिकारी रितेश सांखला, भाजपा नेता पुरूषोतम खाजपुरिया, पूर्व चेयरमैन शोयब खत्री, बसपा नेता गुलाब नबी आजाद, एडवोकेट सुरेश कुमार सैनी, जयंति बील, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष गौतम खण्डेलवाल, डुमरा मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र पूनिया, कारी मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र बाय, नवलगढ़ ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बसावा मण्डल अध्यक्ष किशन सिंह गुर्जर, मुकुन्दगढ़ शहर मण्डल अध्यक्ष कपिल शर्मा, भाजपा नेता महेश चौधुरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष शर्मा, हितेश थोरी, सुरेन्द्र सिंगोदिया, सेवानिवृत एईएन भंवरलाल जांगिड़, खटीक समाज अध्यक्ष बाबुलाल तोषावडा, जाट समाज अध्यक्ष कालुराम झाझड़िया, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खनलाल सैनी, पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी, सैन समाज अध्यक्ष गिरधारीलाल सैन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शब्द प्रकाश बियान, एडवोकेट श्रीकांत मुरारका, सर्राफ एसोसियन नवलगढ़ के अध्यक्ष नन्द किशोर सोनी, घूमचक्कर व्यापार मण्डल अध्यक्ष कैलाश जांगिड़, नन्दलाल नायक, मुरारीलाल सुन्दरिया, श्रीकृष्ण गौशाला के संरक्षक नागरमल बलौदा, भाजपा जिला मंत्री मन्जू सैनी, माजिद चैहान, लक्ष्मीकांत डोकवाल, सलीम जिन्दरान,चन्द्रशेखर मिश्रा, हरीसिंह सोलंकी, एडवाकेट बाबुलाल वर्मा, रिछपाल सबल, इरफान जिन्दरान बतौर मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का स्वागत किया। वहीं इस दौरान पुष्प माला, साफा व प्रतिक चिह्न देकर शहर वासियों ने विधायक विक्रम सिंह जाखल का नागरिक अभिनन्दन किया। इस दौरान आयोजन समिति ने पुष्प माला व साफा पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का भी स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि नवलगढ़ के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाउगी। वही कहा कि रोडवेज डिपो के पास में कचरा निस्तारण की समस्या थी जोकि शहर की मुख्य समस्या थी। सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट एव लिगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य का शुभारम्भ कर दिया। अब रोडवेज डिपों के पीछे लगा हुआ कचरा का ढेर कम होगा। जिसका फायदा शहर



वासियों को मिलेगा। वही इस दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने स्वच्छता माता बहन पहरियों का भी शॉल ओढ़ाकर, पैर धोककर सम्मान किया। साथ ही स्वच्छता के रूप में चरणामृत स्वरूप ग्रहण कर स्वच्छता को प्रणाम किया। वही विधायक विक्रम सिंह जाखल ने लगभग 223.50 लाख रूपये की लागत के सोलिड वेस्ट प्रासेसिंग प्लांट एव लिगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य का भी शुभारम्भ किया। इसके अलावा रोडवेज बस डिपो पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश चन्द सैनी, विनोद यादव व नितीन पूनिया ने किया। इस दौरान ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत, समाजसेवी रामकुमार सैनी, सरपंच राजेन्द्र प्रसाद सैनी, पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी, नेकीराम पूनिया, शंकरलाल शर्मा, मोहरसिंह दूत, विकास सैनी फूलवाला, भारत स्काउट गाइड के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, रामनिवास डूडी, रामनिवास सैनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष इलियास खत्री, एडवोकट तरूण मिंतर, भरत मुरारका सहित कई गणमान्य लोग भी मौजुद रहे।

### पौधरोपण

क्षेत्र के शहीदे आजम भगत सिंह पार्क में गुरूवार शाम को वन्दे गंगाजल संरक्षण अभियान व एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के अन्तर्गत विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण किया। अभियान के तहत पार्क में पौधे लगाये गये। वन्दे गंगाजल संरक्षण अभियान व एक पेड़ मॉं के नाम अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। वहीं विधायक विक्रम सिंह जाखल ने वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पेड़ पाधों के संरक्षण की भी अपील की।

### 24.40 लाख की लागत से निर्मित सीसी सड़कों का किया लोकार्पण

अभिनन्दन समारोह से पहले शहर के वार्ड 1 व वार्ड 2 में लगभग 24.40 लाख रूपये की लागत से निर्मित दो सीसी सड़कों का विधायक विक्रम सिंह जाखल ने लोकापर्ण किया। विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में लोकापर्ण पट्टिका का अनावरण किया। शहर के वार्ड 01 में 15.50 लाख रूपये की लागत से सीसी सड़क बनाई गई। वहीं वार्ड 2 में 8.90 लाख रूपये की लागत से सीसी सड़क बनाई गई। वार्डवासियों ने सीसी सड़क बनाने पर विधायक विक्रम सिंह जाखल का आभार व्यक्त किया है।

### पिंक टायलेट निर्माण कार्य का लोकार्पण

शहर के रोडवेज बस डिपो में निर्मित पिंक टायलेट के निर्माण कार्य का भी विधायक विक्रम सिंह जाखल के मुख्य आतिथ्य में लोकापर्णन पटिका का अनावरण हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने फीता काटकर नवनिर्मित कार्य का लोकार्पण किया। इस कार्य का निर्माण लगभग 17.70 रूपये की लागत से हुआ।

## चोरी और गुम हुए 100 मोबाइल फोन बरामद



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए जिले के 17 थाना इलाके से चोरी और गुम हुए करीब 30 लाख की लागत के 100 मोबाइल फोन बरामद किए है शुक्रवार को एसपी दफतर में एएसपी सुनील कुमार ने मिडिया से मुखातिब होते हुए बताया की चूरू पुलिस ने 15 मई से 31 मई तक साईबर सैल और पुलिस थानो के सहयोग से 17 पुलिस थाना इलाके के चोरी और गुम हुए 100 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। एएसपी ने कहा अभियान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवादियों को राहत देना था, जिनका गाढ़ी कमाई से खरीदा फोन चोरी या गुम हो गया ऐसे में वे परिवादी जो आर्थिक रूप से कमजोर है उन्हें फोन चोरी और गुम होने की स्थिति में नया मोबाइल फोन खरीदना पड़ता है और आर्थिक रूप से परिवादी टूटता है ऐसे में उच्चअधिकारियो के निर्देश पर साईबर सैल टीम के प्रभारी भागीरथ, हैड कास्टेबल सुरेंद्र, धर्मवीर, रमाकांत, सत्यवान, सुनील कुमार, अनिल कुमार और महिला कास्टेबल मनीता की विशेष भूमिका रही और एसपी कार्यालय में मोबाइल फोन के वास्तविक मालिकों को उनके चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन सुपुर्द किए गए।

## महिला समाज अध्यक्ष ने स्कूल को भेंट किया इंवर्टर



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता द्वारा शुक्रवार को गोठड़ा स्थित शहीद धर्मपाल सैनी राउमावि को इंवर्टर भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने की। मुख्य अतिथि महिला समाज सदस्य सुधा शर्मा थी। सुधा शर्मा ने कहा कि केसीसी महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता द्वारा स्कूल को इंवर्टर भेंट किया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। स्कूल प्रशासन ने इस समस्या से महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता को अवगत करवाया था, जिस पर उन्होंने विद्यार्थियों को गर्मी व बिजली समस्या से राहत दिलाने के लिए स्कूल में इंवर्टर देने की घोषणा की थी। प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने कहा कि इंवर्टर मिलने से विद्यालय में बिजली कटौती के दौरान भी पंखे व आवश्यक विद्युत उपकरण संचालित हो सकेंगे, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। उन्होंने महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता एवं खेतड़ी नगर महिला समाज का आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक सहयोग से सरकारी विद्यालयों को नई मजबूती मिल रही है। इस मौके पर शबनम सैयद, नासीर हुसैन, होशियार सिंह, शंभूसिंह सहित स्कूल स्टाफआदि मौजूद थे।

## बुगाला के गौभक्तों ने बागेश्वर धाम में महंत धीरेंद्र शास्त्री से की भेंट

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** बुगाला क्षेत्र के गौभक्तों ने हाल ही में बागेश्वर धाम पहुंचकर प्रसिद्ध कथावाचक एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महंत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की। इस दौरान गौभक्तों ने उन्हें क्षेत्र में संचालित गौसेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए गोशाला पधारने का सादर निमंत्रण दिया। भेंट के दौरान महंत धीरेंद्र शास्त्री ने गौसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए गौभक्तों का सम्मान किया तथा उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है तथा समाज को इस दिशा में निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। गौभक्तों ने बताया कि क्षेत्र की गोशालाओं में निराश्रित एवं असहाय गौवंश की सेवा के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने महंत शास्त्री को गोशाला का दौरा कर गौसेवा कार्यों का अवलोकन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने महंत से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। गौभक्तों ने विश्वास व्यक्त किया कि महंत धीरेंद्र शास्त्री के गोशाला आगमन से गौसेवा कार्यों को नई प्रेरणा एवं गति मिलेगी।

## साइबर ठगी की काली कमाई पर ईडी का शिकंजा : राजस्थान-पंजाब में 7 ठिकानों पर छापेमारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** साइबर ठगी के जरिए अर्जित काली कमाई और फर्जी सिम कार्ड नेटवर्क के खिलाफप्रवर्तन निदेशालय ईडी ने शुक्रवार को राजस्थान और पंजाब में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीमों ने राजस्थान के जोधपुर, नागौर और किशनगढ़ सहित पंजाब के लुधियाना में कुल सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी सूत्रों के अनुसार कार्रवाई जोधपुर के बासनी स्थित साइबर क्राइम शाखा में दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल सिम कार्ड बड़ी संख्या में खरीदे जा रहे थे और बाद में उन्हें साइबर अपराधियों को बेचा जा रहा था। इन सिमकार्डों का उपयोग ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉलिंग और अन्य साइबर अपराधों में किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार जोधपुर में तीन, नागौर में दो तथा किशनगढ़ और पंजाब के लुधियाना में एक-एक स्थान पर ईडी की टीमों ने दबिश दी। छापेमारी के दौरान साइबर अपराध से जुड़े दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंकिंग लेन-देन और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की गई।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेशों तक जुड़े हो सकते हैं। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि साइबर अपराधियों तक सिम कार्ड पहुंचाने वाले गिरोह का संचालन किस स्तर पर किया जा रहा था और इससे अर्जित धनराशि को किस प्रकार ठिकाने लगाया गया।

## पूनिया को राज्यसभा प्रत्याशी घोषित करने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को राज्यसभा का प्रत्याशी घोषित करने पर तारानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कार्यकर्ताओं ने गढ़ चौक में आतिशबाजी कर और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा नेता महावीर पूनिया, दलीप पूनिया, जमरदीन तेली, अनूप खंडेलवाल, वासुदेव शर्मा, भंवरलाल पूनिया, शंकर कस्वा, रामचन्द्र स्वामी, राकेश शर्मा, विशाल शर्मा, मो. तैयब, माणकचन्द सैनी, चुन्नीलाल सैनी, मेघराज मोगा, प्रेम बेनीवाल, गुलाब सोलंकी, अशोक जांगिड़, हरी इंदौरिया, त्रिलोक रैगर, सुरेश मित्तल, विजय सोनी, हीरालाल सेनी, देवकरण कल्ला, बनवारीलाल शर्मा, भगवानाराम प्रजापत, रामचंद्र प्रजापत, पुनीत राहड़, अशोक योगी, अनिल शर्मा, सेठी आचार्य, समीर खान, राजकुमार, पन्नालाल सैनी, लालचंद जांगिड़, सुरेश कुमार, धर्मचंद, बाबूलाल सैनी, रुस्तम अली, साबिर खान, साबिर जिंद्रान, सलामु लुहार, सत्यनारायण दायमा, रोहिताश शर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा नेता महावीर पूनिया ने कहा कि सतीश पूनिया को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाना उनकी वर्षों की तपस्या और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया, किसानों-युवाओं के मुद्दे उठाए। हाईकमान ने कार्यकर्ता की मेहनत को सम्मान दिया है। इससे शेखावाटी सहित पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह है।

## वृक्ष मित्र सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद फाटक स्थित गुरुकृपा उद्यान बाग एवं पौध नर्सरी के सौजन्य से ऑक्सीजन जन आंदोलन-एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के तहत वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भव्य वृक्ष मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी झुंझुनू सहित उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं वृक्षारोपण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। समारोह में आत्माराम सीबीईओ नवलगढ़, बनवारीलाल नेहरा सेवानिवृत्त सीबीईओ खंडेला, डॉ केडी यादव, डॉ दयाशंकर जांगिड़, कुलदीप पूनिया एसीबीईओ नवलगढ़, सुभाष चंद्र भूत, रामदेव भाम्भू, अमित शर्मा सीए, सुभाष चंद्र कृषि अधिकारी झुंझुनू, बजरंग सिंह कृषि पर्यवेक्षक चेलासी, रोहिताश ढाका सहायक निदेशक कृषि विभाग झुंझुनू, कमल कुमार प्रबंधक एसबीआई मुकुंदगढ़, बीरबल सिंह गोदारा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वृक्ष मित्रों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में श्रवण कुमार फगेड़िया भदवासी, संत कुमार मीणा, उमेश कुमार माथुर, सुनीता शर्मा, संपत बुगालिया, मनोज कुमार रूंनला, राजू सैनी, नेकीराम पूनिया, बलवीर चौधरी, संतोष पिलानिया, मुकेश कुमार जाखड़, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र पूनिया, अशोक कुमार ढाका, नरेश कुमार टेलर, रवि नायक एवं बलवीर धायल सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह बुगालिया ने किया। इस दौरान भामाशाह संजय कुमार सैनी का सभी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। वहीं वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ एवं कुलदीप पूनिया का स्वागत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। नर्सरी संचालक संजय कुमार सैनी को भी अतिथियों ने साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों को पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया।

## वृक्षों को संतान की तरह संभालने वाले पर्यावरण प्रहरी का सम्मान

### एसआई बाबूलाल सैनी को वृक्ष मित्र पुरस्कार से नवाजा

विजेन्द्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू द्वारा जिलेभर में विगत वर्षों में लगाए गए वृक्षों की उत्कृष्ट देखभाल, संरक्षण एवं संवर्ध्दन करने वाले पर्यावरण प्रेमियों को वृक्ष मित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में चिड़ावा ब्लॉक से संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी एसआई बाबूलाल सैनी को उनके उल्लेखनीय पर्यावरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके आवास पर आयोजित नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष देवकरण सैनी के नेतृत्व तथा संस्था के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री की अध्यक्षता में हुआ। वक्ताओं ने कहा कि माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। संस्था का प्रत्येक अभियान समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद एसआई बाबूलाल सैनी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं बल्कि पूरे चिड़ावा ब्लॉक तथा उन सभी पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान है, जो पेड़ों को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे पेड़-पौधों का पालन-पोषण अपने पुत्रों की तरह करें तथा लगाए गए पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी भी निभाएं। उन्होंने किसान समुदाय से विशेष आग्रह करते हुए अधिक से अधिक फलदार वृक्ष लगाने का आह्वान कियाए जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया गया तथा समाजहित एवं प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत लोगों का उत्साहवर्ध्दन किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, अमरसिंह, राधेश्याम, राजेन्द्र, गिरधारी लाल, संजय, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, शीशराम सैनी बिल्लू, सुनील कुमार, पुष्पेंद्र, काशी राम, बजरंग लाल, यशवर्द्धन, सुनील कुमार अध्यापक, संदीप मावंडिया, नरेश बगड़, दीनदयाल सैनी, बाघसिंह तोमर, रतनलाल सैनी, कैलाश खण्डोलिया सहित काफी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर संरक्षण की ली जिम्मेदारी



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कर संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान बीडीओ रितेश साँखला ने कहा कि सभी को पौधरोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिये। इस दौरान बीडीओ रितेश साँखला, सहायक अभियंता राजेंद्र जाट, सहायक विकास अधिकारी पितराम सिंह यादव, सहायक विकास अधिकारी देवीदत्त शर्मा, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश आलड़िया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, वीडियो विनोद चोबदार, लेखा सहायक विनोद बाजिया, सुमेर सिंह मौजूद रहे।

## पूनियां व गुर्जर के नामों की घोषणा पर भाजपाईयों ने मनाई खुशियां



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राज्यसभा सांसद के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां व राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर के नामों की घोषणा पर पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत के नेतृत्व में भाजपाईयों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। शुक्रवार को पूर्व सांसद व महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अटल जनसंपर्क कार्यालय में मिठाई बाटकर खुशी मनाई। इस मौके पर विधानसभा सभा संगठन प्रभारी रोहिताश फौजदार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, बुहाना मंडल अध्यक्ष राजपाल तंवर, मंडल महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, कृष्ण यादव खांदवा, विकाश भालोठिया, पार्षद राजेंद्र सोंकरिया, बुहाना चेयरमैन दशरथ सिंह, अनिल नाडिया, महेन्द्र तंवर, संदीप शर्मा, नन्दलाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चंचलनाथ बस्ती में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सूरजमल बस्ती में वृक्ष पूजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह विजय कालेर, जिला पर्यावरण संयोजक विजय डारा, महेन्द्र कुमार, बलवन्त सैनी, राकेश सहल, गोपाल, महिपाल, जगदीश सैनी एवं नरोत्तम सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फूल बंगला उत्सव आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी के आराध्य देवों के दरबार में इन दिनों अधिक मास के पावन महीने के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चांदपोल बाजार स्थित प्रसिद्ध ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्रजी में शनिवार को भव्य फूल बंगला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर और राम दरबार को विशेष पचरंगा फूलों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। उत्सव के तहत ठाकुर जी के सम्मुख नौका विहार, जल यात्रा, जल केली, शीतल भोग और फूल बंगले में शयन के अलौकिक मनोरथ साकार किए जाएंगे। सुबह संत सेवा से शुरू होंगे धार्मिक कार्यक्रम और शाम को होगी जल यात्रा मंदिर महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि शनिवार को उत्सव की शुरुआत प्रात: 11 बजे संत सेवा के साथ होगी। इसके बाद मुख्य सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शाम को शुरू होगा। शाम 5 बजे से ठाकुर जी की विशेष जल यात्रा का मनोरथ आरंभ किया जाएगा। जिसके तहत श्री राम दरबार को मंत्रोच्चार के बीच शीतल स्नान कराया जाएगा।

### फूलों से सजी नाव में विहार करेंगे सिया-राम

तिवाड़ी ने बताया कि शीतल स्नान के बाद मंदिर में जल केली उत्सव की धूम रहेगी। इसके तुरंत बाद ठाकुर जी को नौका विहार कराया जाएगा, जिसके लिए विशेष रूप से फूलों से सजी एक सुंदर नाव तैयार की जाएगी, जिसमें विराजमान होकर श्री सीता-राम जी नौका विहार करेंगे। नौका विहार के बाद ठाकुर जी को नवीन नई पोशाक धारण करवाई जाएगी और बाल भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात एक अनूठा और पारंपरिक मनोरथ होगा, जिसमें श्री सीताराम जी को बाग में ले जाकर प्रतीक रूप से गेंद-बल्ले खिलाए जाएंगे।

### अष्टयाम सेवा पद्धति से संपन्न होंगे सभी मनोरथ

तिवाड़ी ने बताया कि गेंद-बल्ले के खेल के बाद ठाकुर जी को विशेष शीतल भोग निवेदित किया जाएगा। इस भोग में भीषण गर्मी से राहत के लिए ठाकुर जी को विभिन्न प्रकार के शीतल पेय शरबत और ऋतु के ठंडे फल अर्पित किए जाएंगे। उत्सव के अंतिम चरण में रात्रि को श्रीसीताराम जी को पचरंगा फूलों से निर्मित भव्य फूल बंगले में शयन कराया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने बताया कि ये सभी दिव्य मनोरथ पूर्ण रूप से पारंपरिक अष्टयाम सेवा पद्धति के अनुसार विधि-विधान से संपन्न करवाए जाएंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



निसं

**गुढ़ागौड़जी ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेठ केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ा में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो (डॉ) अनिता झाझड़िया ने की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ सरोज नैनीवाल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर मोहन लाल असवाल, मधुसूदन सिंह, प्रवीण ढेवा व संजय कुमार उपस्थित रहे।

## 1139 परिवारों को मिला सुरक्षा कवच

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय डाक विभाग के झुंझुनू डाक मंडल ने मई 2026 में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विशेष अभियान करोड़पति ड्राइव के तहत 1 करोड़ 82 लाख रुपये का रिकॉर्ड प्रीमियम अर्जित किया है। इस अभियान के दौरान मंडल ने 1139 परिवारों को बीमा सुरक्षा प्रदान की, जिनमें 764 नई पीएलआई पॉलिसियां तथा 375 नई आरपीएलआई पॉलिसियां जारी की गईं। यह उपलब्धि मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों की कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएं अपने कम प्रीमियम, सरकारी सुरक्षा और आकर्षक बोनस दरों के कारण आमजन में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। ये योजनाएं न केवल परिवारों को भविष्य की आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं बल्कि छोटी-छोटी बचत को परिपक्वता पर बड़ी राशि में बदलकर आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम भी बन रही हैं। अधीक्षक डाकघर, झुंझुनू मंडल धर्मपाल सिंह ढाका ने बताया करोड़पति ड्राइव की इस ऐतिहासिक सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बदलते समय और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद डाक विभाग की योजनाओं पर जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। मंडल प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए जागरूक नागरिकों, पॉलिसीधारकों तथा अभियान में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है और भविष्य में भी अधिक से अधिक परिवारों को बीमा सुरक्षा से जोड़ने का संकल्प दोहराया है।

## पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद में विश्व पर्यावरण दिवस पर तिबारे वाले बालाजी सेवा समिति की ओर से पौधे लगाए गए। समिति की ओर से झुंपा बस स्टैंड डिवाडर पर पेड़ लगाकर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली। समिति सचिव अशोक अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा मंदिर की सूचारू व्यवस्था बनाने गौ सेवा, पक्षियों के लिए परिंदे लगाने, पर्यावरण के लिए पेड़ पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने सहित अनेक सामाजिक कार्य करना ही समिति का उद्देश्य है। इस अवसर पर इस अवसर पर महेश कुमार अग्रवाल, संजय नायक, मनीराम चौधरी, जितेंद्र सैनी, रतन सिंह खींची, भवानी सिंह खींची, शेर सिंह धाबाई मौजूद रहे।

# जल महल से उठी स्वच्छता की अलख : सैकड़ों लोगों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर के ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध जल महल परिसर में शुक्रवार सुबह स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। जहां काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन केडब्ल्यूए की ओर से आयोजित जयपुर क्लीन ड्राइव-2026 अभियान में सैकड़ों नागरिकों, विद्यार्थियों, परिवारों, पेशेवरों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ और हरित जयपुर के निर्माण का संकल्प लिया। क्लीन जयपुर, ग्रीन जयपुर थीम पर आधारित यह अभियान सुबह 6:30 बजे जल महल परिसर में शुरू हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई अभियान चलाना नहीं था। बल्कि नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता विकसित करना भी था। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने जल महल और उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन के निदेशक एवं संस्थापक रजत जैन ने बताया कि अभियान में शामिल लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा, प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण और शहर को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली। आयोजन स्थल पर मौजूद सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प भी लिया कि वे स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। काइंडनेस वेलफेयर एसोसिएशन के निदेशक एवं संस्थापक रजत जैन ने बताया कि जल महल जयपुर की पहचान, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल को अभियान का केंद्र बनाने का उद्देश्य लोगों में अपने शहर और विरासत के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान दे। रजत जैन ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं बल्कि वैश्विक आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण पर्यावरण के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे समय में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है। इसी सोच के साथ जयपुर क्लीन ड्राइव-2026 का आयोजन किया गया, ताकि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। इस अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने जल महल परिसर और आसपास के क्षेत्रों से प्लास्टिक, कागज, बोतलें और अन्य कचरा एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया। प्रतिभागियों ने आमजन से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं कार्यक्रम में विद्यार्थियों और युवाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कई स्वयंसेवकों ने इस अवसर पर पौधारोपण और जल संरक्षण की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। आयोजन के दौरान सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके समाधान के प्रति जागरूक बनाना था। इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सामुदायिक समूहों और नागरिक संगठनों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। शहर के अनेक परिवार अपने बच्चों के साथ अभियान में शामिल हुए, जिससे नई पीढ़ी को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से परिचित कराने का अवसर मिला। जैन ने बताया कि इस अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सम्मान लोगों को समाज और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ, सुंदर और हरित जयपुर के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने में जयपुर नगर निगम, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संगठनों, सामुदायिक समूहों, स्वयंसेवकों और मीडिया प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित जयपुर क्लीन ड्राइव-2026 ने यह साबित किया कि जब समाज, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन एक मंच पर आकर कार्य करते हैं तो सकारात्मक बदलाव की मजबूत शुरुआत की जा सकती है। जल महल से उठी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की यह आवाज अब पूरे शहर में जन जागरण का माध्यम बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री सीमेंट परिसर में हुआ सामूहिक वृक्षारोपण

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्री सीमेंट परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक रूप से पौधरोपण किया तथा परिसर को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हेड प्लांट एचआर शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य के लिए सांस लेना आवश्यक है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व होना चाहिए कि वह प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसकी स्वयं देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने परिवार एवं समाज को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। यूनिट हेड विनय सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को केवल एक विशेष दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि इसे अपनी नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी को जीवन में जब भी अवसर मिले, एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को हरित और सुरक्षित बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय गोधा, अरविंद सिंह, मनीष बोहरा, पवन शर्मा, अश्विनी शर्मा, सुशील जैन, शिव गोपाल तिवारी, डॉ चेतन मिश्रा, निशांत गौर, राहुल सोनी, कार्तिक शर्मा, गोविंद माहेश्वरी, मनोज पाठक, पंकज शर्मा, मनीष तिवारी, प्रवीण सिंह, देवेंद्र रघुवंशी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किए गए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

## पौधरोपण कर व परिंडे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को तारानगर की वन विभाग की नर्सरी में पर्यावरण संरक्षण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा की गौरवमयी उपस्थिति में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों और पर्यावरण प्रेमियों ने पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पौधशाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे लगाए साथ ही बढ़ती गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे भी बांधे गए ताकि पक्षियों को भीषण गर्मी में पानी मिल सके। विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सरकारी योजनाओं के साथ-साथ हर नागरिक की भागीदारी से ही तारानगर को हरा-भरा बनाया जा सकता है। क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेंद्रसिंह ने कहा कि हमें हर समय पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। पेड़ ही जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही धरती को बचाया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सुनील बागड़ी, बाबूलाल, राजेंद्र सिंह, पिंकेश कंवर, पूनम, राजवीर, सुनीता, ताने खां, दीपचंद शर्मा सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ व लोग मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस : प्लास्टिक बोतलों से बनाया प्लांट मॉडल



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय एसीबीडी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए एक अनूठी एवं प्रेरणादायक पहल की गई। प्राचार्य कविता शर्मा ने बताया कि विभाग के विद्यार्थियों और प्रोफेसर सिद्धि कुमारी गुप्ता के नेतृत्व में अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलों का पुन: उपयोग करते हुए उनमें पौधों की कटिंग लगाकर प्लांट शब्द का आकर्षक मॉडल तैयार किया। इस नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण और पौधरोपण के महत्व को रेखांकित किया। मॉडल में प्रयुक्त प्रत्येक बोतल को पौधों से सजाया गया, जिससे यह केवल एक कलात्मक संरचना न रहकर पर्यावरण संरक्षण का जीवंत संदेश बन गया। प्रोफेसर सिद्धि कुमारी गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में प्लास्टिक प्रदूषण विश्व की गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ऐसे में बेकार प्लास्टिक बोतलों को उपयोगी बनाकर उनमें पौधे लगाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह पहल विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पुनर्चक्रण की उपयोगिता भी सिखाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयास करने का संकल्प भी दिलाया गया। कॉलेज परिसर में प्रदर्शित यह प्लांट मॉडल विद्यार्थियों एवं आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहा। उपस्थित लोगों ने इस रचनात्मक प्रयास की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया। इस दौरान विभागाध्यक्ष संत कुमार मीणा, प्रो प्रभाकर दीक्षित शेर सिंह, शिव शंकर वर्मा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता : गर्ग

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता, चिरंजी लाल शर्मा डिस्ट्रीक ट्रेनिंग कमिश्नर, विजेंद्र कुमार व्याख्याता के विशिष्ट आतिथ्य में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया । सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभिरुचि शिविर के शिविरार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पोस्टर, निबन्ध एभाषण, मुखौटा बनाओ, क्विज, नुक्कड़ नाटक, नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई जिसे दर्शकों द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की महती आवश्यकता है, हम सबको समन्वित प्रयास करते हुए पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। जिला कलक्टर ने स्काउट गाइड द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इको ब्रिक्स पॉलिथीन उन्मूलन का सशक्त एवं रचनात्मक कार्य है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने स्काउट कार्यालय में पौधारोपण कर कहा कि हमें जिले में वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण कर जिले के वन क्षेत्र को बढ़ाना है। जिला पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्य विजेंद्र कुमार ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर, निबंध, भाषण, मुखौटा बनाओ, एकल नृत्य आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जिला कलक्टर ने सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंघानिया ने कहा कि हमें अपने आस पास की खाली जगह पर पौधारोपण करना चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं रामसिंह कुलहरी, रामचंद्र मीणा, मुकेश कुमार, विजेंद्र कुमार, सुनीता बेनीवाल, विजेता नेहरा, सुमित्रा सैनी, रेनू सैनी, राज किरण, दिनेश कुमार, संजू कुमावत, रोहित मील सहित रोवर्स रेंजर्स को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान का सम्मानित किया। स्काउट गाइड संगठन में विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट सहयोग देने वाले चिरंजीलाल शर्मा, उमेश रोहिल्ला, रामदेव सिंह गढ़वाल, धर्मपाल सिंह, ओमप्रकाश डिग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

# पर्यावरण दिवस पर लोकतंत्र के लिए लगाए पौधे

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ लोकतंत्र के नाम गतिविधि का आयोजन संयुक्त निदेशक कार्यालय एवं पॉली क्लिनिक सीकर द्वारा संयुक्त रूप से पॉली क्लिनिक सीकर परिसर में किया गया। पूरे परिसर में 5 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक पशु पालन विभाग सीकर डॉ राजेंद्र कृष्ण काला के नेतृत्व में उपनिदेशक डॉ मोहन लाल अग्रवाल, उपनिदेशक पॉली क्लिनिक सीकर डॉ के के सोनी, डॉ दिनेश नेहरा, डॉ राजेंद्र, डॉ ओम प्रकाश, डॉ रविंद्र शर्मा, डॉ धन्ना राम जांगिड़, डॉ कमल, डॉ प्रियंका नेहरा, अनिल जांगिड़, पीडी बॉयल, अनिल कुल्हरी, कमल बागड़िया, नारायण सिंह आदि कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

# बीबीआईएस के विद्यार्थियों ने बाटे कपड़े के थैले

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अनोखे उत्सव के रूप में मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने एसडीएम कार्यालय, पुलिस स्टेशन, कोषागार, तहसील कार्यालय और न्यायालय आदि का दौरा किया। विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए परिंडे वितरित किए और प्रत्येक विभाग के अधिकारियों द्वारा एक-एक पौधा रोपित कराया। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया कि पृथ्वी को बचाने के लिए प्लास्टिक बैग का उपयोग बंद करें और कपड़े के बैग अपनाएं। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, नायब तहसीलदार मो. असलम, पुरूषोतम चौहान, कोषाधिकारी रामचन्द्र जाट, अतिरिक्त प्रशानिक अधिकारी ओमप्रकाश बंजारा, सदर थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र झाझाड़िया, सहायक उप निरीक्षक छगन लाल, बार-एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरजमल यादव आदि को कपड़ों से बने थैले वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक बुधाराम खिलेरी, मुकेश खिलेरी ने सहयोग के लिए सभी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य चाँदकिरण शेखावत, स्कूल निदेशक प्रेम नेहरा, स्टाफ सदस्य आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार विश्व पर्यावरण दिवस पर गांव गोपालपुरा की हरीतिमा ढाणी में पौधरोपण किया गया। पंचायत की प्रशासक सविता राठी के साथ ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत गाए और नाचते गाते प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया। महिलाओं को सम्बोधित करते हुए प्रशासक सविता राठी ने कहा कि गोपालपुरा में लम्बे समय से स्वच्छता अभियान चल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेताराम, तिलोकाराम, गोपाल आदि ने सहयोग किया। एलडीसी ज्योति कच्छावा के नेतृत्व में कार्यक्रम का संपादन हुआ। इस अवसर पर आचू, कमली, भंवरी, संतोष, ग्यारसी, सोहनी, नानूडी आदि ने गीतों के साथ नृत्य भी किया। इसी प्रकार राजकीय मास्टर भंवरलाल मेघवाल कन्या महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में लोकतंत्र के नाम एक पेड़ थीम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान शिक्षण संस्थान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चिड़ावा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम राजस्थान शिक्षण संस्थान की चेयरपर्सन एवं युवा जनशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्षा नीतिका थालौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता एक्यूआईए प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना कठिन हो जाएगा। नीतिका थालौर ने कहा कि आज बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे नगरों में भी वायु गुणवत्ता लगातार प्रभावित हो रही है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, जल संकट एवं प्रदूषण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। इन चुनौतियों का सबसे सरल और प्रभावी समाधान अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को केवल एक दिन वृक्षारोपण करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एक सामाजिक दायित्व है और इसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। विद्यार्थियों ने हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डायरेक्टर



श्रीराम थालौर, संस्थान के सचिव संजय थालौर, एमडी गोपीचंद जांगिड़, डॉ. सुभाष बोला प्राचार्य राजस्थान पीजी कॉलेज डॉ. दिनेश गौतम प्राचार्य, राजस्थान लॉ कॉलेज, अंजना सोमरा प्राचार्य, आरपीएस चिड़ावा, राजस्थान नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या संगीता शर्मा, नर्सिंग स्टाफ अमित शर्मा, पूनम सैनी उज्जवल शर्मा भी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस पर कर्मचारियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रशासन भवन परिसर में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा पौधरोपण कर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य नवनियुक्त कार्यपालक निदेशक पुरुषोत्तम दास बोहरा थे। मुख्य अतिथि बोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाने का अवसर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम जलवायु परिवर्तन के खिलाफ तत्काल कदम उठाना और सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी होगी। पौधरोपण, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में मनीष गवई ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। वहीं मुन्नालाल जैदिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व एवं इसके उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासन भवन परिसर एवं चांदमारी खदान परिसर में पौधरोपण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों की नियमित सार-संभाल करने की जिम्मेदारी भी ली। इस दौरान महाप्रबंधक प्रशासन मानव संसाधन संजय शिवदर्शी, महाप्रबंधक कंसनट्रेटर वीके इंद्रा, मनीष गवई, मयूख चटर्जी, केसीएमएस महामंत्री श्यामलाल सैनी, केटीएसएस सचिव विनय त्यागी, डॉ दीपिका खुराना, वीबी गुप्ता, डॉ गोपाल राठी, गरूड़ा रामूजी, देवेंद्र वर्मा, सुनील कटेवा, ऋचा भटनागर, अश्वनी गुरावड़िया, विनायक साहू, राजेश डांढेल, हसरत हुसैन, घनश्याम, प्रवीण कुमार, जयप्रकाश, हरीचरण, अमरसिंह भालोठिया, जगदीश जोशी, मनोज लमोरिया, राजा आशीष, प्रिया दीक्षित, सुधा शर्मा, पार्वती देवी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम राजासर बीकान के श्मशान घाट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच बिशन सिंह राठौड़ की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर केशराराम की टीम ने आगामी वर्षा ऋतु में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पवन महर्षि ने कहा कि वायुमंडल को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए पौधों का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने जोहड़ की सफाई भी की, जहां बड़ी संख्या में पशु-पक्षी पानी पीने आते हैं। युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांव के विकास कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर टीकूराम, दुनाराम, ओमप्रकाश, हनुमान सिंह, कालू नाई, देवाराम, भानीराम, देवीसिंह, सुरेंद्र, बनवारीलाल, अरबाज, हरजी प्रजापत सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।


### कार्यालय गाम पंचायत भड़ौंदा खुर्द
**पंचायत समिति झुन्झुनू**

क्रमाक : 17-19 दिनांक : 05/06/2026

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द में ग्राम भड़ौंदा खुर्द में हाई मास्क लाईट गाने का कार्य SPPP पोर्टल पर दर्ज कराया है जिसके NIB व UBN कोड निम्नानुसार है।

NIB code No. PGH2627A0014

UBN code No. PGH2627WSLB00013

अधिक जानकारी के लिए SPPP. rajasthan.gov.in (SPPP. rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति झुन्झुनू

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति झुन्झुनू

### कार्यालय गाम पंचायत बीबासर
**पंचायत समिति झुन्झुनू**

क्रमाक : 54-55 दिनांक : 05/06/2026

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीबासर में स्ट्रीट लाईट गाने का कार्य एवं बीबासर गांम पंचायत के फतेहसरा गाँव में स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य SPPP पोर्टल पर दर्ज कराया है जिसके NIB व UBN कोड निम्नानुसार है।

NIB कोड नं. FATEHSARA/55/2026-27, BIBASAR/54/2026-27

UBN कोड नं. PGH2627WSLB00011, PGH2627WSLB00012

अधिक जानकारी के लिए SPPP. rajasthan.gov.in (SPPP. rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

**प्रशासक** ग्राम पंचायत बीबासर पंचायत समिति झुन्झुनू

**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत बीबासर पंचायत समिति झुन्झुनू

### कार्यालय ग्राम पंचायत लोहार्गल
### पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/105 दिनांक :- 02-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/2026-27 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0253 | ZJU2627GLRC 00439 | 2026_PRD_ 565065_1 |
| 2/2026-27 | ग्राम पंचायत लोहार्गल में अम्बेडकर भवन निर्माण कार्य | 10.00 | ZJU2627A 0254 | ZJU2627WSOB 00440 | 2026_PRD_ 565066_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत लोहार्गल पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत लोहार्गल पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

### कार्यालय ग्राम पंचायत नवलड़ी
### पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/83 दिनांक :- 03-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0264 | ZJU2627GLRC 00455 | 2026_PRD_ 565127_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत नवलड़ी पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नवलड़ी पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)


# युवाओं-महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रमाण पत्र वितरित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में नोखा क्षेत्र में तीन दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास, स्वरोजगार के अवसर, व्यवसाय स्थापना, सरकारी योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रशिक्षक रुघन ओझा ने सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक कौशल, व्यवसाय प्रबंधन, विपणन रणनीतियों और सरकारी सहायता योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया। ओझा ने बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए उद्यमिता रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन रही है। सही जानकारी और प्रशिक्षण के माध्यम से वे अपने व्यवसाय की सफल शुरुआत कर सकते हैं। प्रशिक्षण में व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को उद्यम स्थापित करने की प्रक्रिया, परियोजना निर्माण, बाजार की संभावनाओं और व्यवसाय संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें स्वरोजगार के नए अवसरों को समझने में मदद मिली। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास एवं उद्यमिता से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## पर्यावरण दिवस पर नि:शुल्क पौधों का वितरण



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संदेश के साथ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा पौधों की देखभाल करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से सभी उपस्थितजनों को नि:शुल्क पौधों का वितरण भी किया गया। प्रतिभागियों से अपने घरों, खेतों एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संदेश देते हुए सभी से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आग्रह किया।


### कार्यालय नगर परिषद झुन्झुनू (राज)

कमांक:-नपझु/राजस्व/2026-27/3533 दिनांक :- 01.06.2026

**ई-ऑक्शन नीलामी सूचना राजस्व-2026-27**

कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनूं द्वारा नीचे वर्णित अनुसार विज्ञापन टैक्स वसूली की निलामी ई-ऑक्शन के माध्यम से की जावेगी। ई-ऑक्शन का प्रारम्भ 13.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे से शुरू होगा तथा दिनांक 29.06.2026 की दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। ई-ऑक्शन में भाग लेने हेतु धरोहर राशि दिनांक 02.06.2026 प्रातः 10:00 बजे से 12.06.2026 सांय 4:00 बजे तक जमा करवायी जानी है। निलामी से संबधित नियम/शर्ते, संबधित अन्य जानकारी E-Auction Portal (SSOID के माध्यम से) पर देखी जा सकती है। सम्पर्क सूत्र श्री रतनलाल वर्मा (मो0 न0-9782022220) नगरपरिषद् झुन्झुनू रहेगा। विज्ञापन टैक्स वसूली का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य अवधि | न्यूनतम बोली | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निजी भवन, प्रतिष्ठान पर विज्ञापन टैक्स वसूली कार्य की नीलामी वर्ष 2026-27 | 1 वर्ष | 400,5000/- | 80,500/- |

राज.संवाद/सी/26/4236 आयुक्त

### कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज0)
Add:- NEAR AMBEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- F. ( )/ATP/MCS/2026-27/2781 Date: 03/06/2026

**Notice Inviting Request for Proposal (RFP) Revised**

Bids for LAYOUT PLAN PREPARATION AND SURVEY OF ILLEGAL CONSTRUCTED COLONIES AND ENCROACHMENT OF ROADS IN MUNICIPAL COUNCIL SIKAR. of subject metters are invited from interested bidders up to 11.06.2026 at 03.00 pm. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in/ of the state.

| WORK NO. | RFP CODE |
|---|---|
| 1 | DLB2627RFP0018 |

राज.संवाद/सी/26/4232 COMMISSIONER Municipal Council Sikar

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT HASAMPUR
### P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO. 20 DATE: 01-06-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 11.06.2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 3000000/-
UBN No.PKP2627GLRC00056, PKP2627WSRC00057

**PRASHASHAK** G.P. HASAMPUR **VDO** G.P. HASAMPUR

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAMSINGHPURA
### P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO. 61 DATE: 05-06-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 19-06-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 2500000/-
UBN No. PKP2627GLRC00062

**PRASHASHAK** G.P. RAMSINGHPURA **VDO** G.P. RAMSINGHPURA

# आरबीआई अफसर बनकर नए नोटों का झांसा देकर दुकानदारों से उड़ाए हजारों रुपए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में खुद को भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई का अधिकारी बताकर दुकानदारों से ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज का मामला सामने आया है। आरोपी नए नोटों की गड्डी उपलब्ध कराने का झांसा देकर दुकानदारों को आरबीआई कार्यालय के बाहर बुलाता था और रुपए लेकर बैंक से नोट लाने का बहाना बनाकर फरार हो जाता था। इस तरह की शिकायतें माणक चौक, गांधी नगर और कोतवाली थाना क्षेत्रों में दर्ज कराई गई हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार माणक चौक थाना क्षेत्र के त्रिपोलिया बाजार स्थित एक दुकान संचालक सावन गुप्ता ने शिकायत दी है कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति उनकी दुकान पर डिस्पोजल गिलास खरीदने आया। उसने अपना नाम विवेक गुप्ता बताते हुए खुद को आरबीआई का अधिकारी बताया। आरोपी ने गर्मी के मौसम में छाछ–राबड़ी वितरण के लिए चार हजार डिस्पोजल गिलास की मांग की और बैंक से ऑनलाइन भुगतान कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद आरोपी ने फोन कर नए नोटों की गड्डियां उपलब्ध कराने की बात कही। घर में शादी कार्यक्रम होने के कारण सावन गुप्ता ने नए नोटों की आवश्यकता बताई तो आरोपी ने उन्हें आरबीआई कार्यालय के बाहर रुपए भेजने को कहा। दुकानदार ने अपने कर्मचारी गोविंद को 40 हजार रुपए देकर भेजा। आरोपी ने पेट्रोल पंप के पास मिलकर रुपए ले लिए और बैंक के अंदर से नए नोट लाने का कहकर चला गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। बाद में उसका मोबाइल भी बंद मिला। आरबीआई अधिकारियों से जानकारी लेने पर पता चला कि आरोपी का बैंक से कोई संबंध नहीं है। इसी प्रकार गांधी नगर थाना क्षेत्र के दुकानदार आकाश पाराशर ने भी 50 हजार रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। आकाश ने बताया कि आरोपी उनकी दुकान पर खरीदारी के बहाने आया और खुद को आरबीआई अधिकारी बताते हुए 10, 20 और 50 रुपए के नए नोटों की गड्डियां दिलाने का भरोसा दिया। शादी समारोह में नए नोटों की जरूरत होने पर वह 18 मई को आरबीआई कार्यालय पहुंचा। वहां आरोपी ने उसे पेट्रोल पंप के पास बुलाकर 50 हजार रुपए ले लिए और नए नोट लेकर आने की बात कहकर बैंक की ओर चला गया। काफी इंतजार के बाद भी वह वापस नहीं आया और उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। पुलिस का कहना है कि तीनों मामलों में एक ही व्यक्ति के शामिल होने की आशंका है। पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नए नोटों या किसी अन्य सुविधा के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं और किसी भी प्रकार का लेन–देन करने से पहले संबंधित व्यक्ति की पहचान की पुष्टि अवश्य करें।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर 8 को

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के रोड नंबर 1 स्थित जयपुर आई हॉस्पिटल में सोमवार 8 जून को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी तथा ऑपरेशन योग्य मोतियाबिंद रोगियों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत पुरोहित ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में आधुनिक उपकरणों की सहायता से आंखों की जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों का चयन कर उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान उपयोग किए जाने वाले लेंस की व्यवस्था भी पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी। इसके अलावा ऑपरेशन के बाद मरीजों को आवश्यक दवाइयां एवं सुरक्षात्मक चश्मा भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ पुरोहित ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर नेत्र जांच एवं उपचार से आंखों की रोशनी को सुरक्षित रखा जा सकता है। शिविर में आने वाले मरीजों को निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचकर पंजीकरण करवाने की सलाह दी गई है। जयपुर आई हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि शिविर में सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी तथा मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों से भी शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम को स्कॉर्पियो ने कुचला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जहां घर के बाहर खेल रहे बच्चे को पड़ोसी की स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हेड कांस्टेबल सज्जन सिंह ने बताया कि हादसे में जालूपुरा निवासी मोहम्मद रिजवान के एक वर्षीय पुत्र मोहम्मद इब्राहिम की मौत हुई है। रिजवान मजदूरी करता है। उसकी पत्नी करीब सात दिन पहले अपने बेटे और बेटी को लेकर झोटवाड़ा के जगन्नाथ पुरी स्थित पीहर आई हुई थी। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर शाम को इब्राहिम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक काम से लौटकर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि मासूम अचानक दौड़ते हुए सड़क पर आ गया और वाहन की चपेट में आ गया। चालक को बच्चा दिखाई नहीं देने के कारण स्कॉर्पियो उसके ऊपर से गुजर गई। घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। परिजनों ने खून से लथपथ हालत में बच्चे को तत्काल कांवटिया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# सेन मंदिर पुजारी को दी अंतिम विदाई

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्टेशन रोड स्थित सेन मंदिर के पुजारी राधेश्याम स्वामी देहांत हो गया। उनके निधन के बाद समाज के लोगों ने शुक्रवार को बैकुण्ठी निकाली, जिस पर जगह–जगह पुष्पवर्षा की गई। करणी माता मंदिर से शुरू हुई अंतिम यात्रा सेन मंदिर के सामने से होकर भोजलाई बास स्थित श्मसान घाट पहुंची। अंतिम यात्रा में समाज अध्यक्ष महावीर प्रसाद गोठड़िया, निवर्तमान मंत्री राजेश सेन, बजरंग सेन, दिनेश डूंखवाल, बिहारी रक्षक संतोष टाक सहित समाज के सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

# माली सैनी समाज संस्था का हरित संकल्प : पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में गूंजा वृक्षारोपण अभियान

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू के आह्वान पर शुक्रवार को जिलेभर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। संस्था द्वारा पूर्व में लिए गए 31 हजार पौधारोपण संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न ब्लॉकों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में फलदार, छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया।

अभियान का शुभारंभ संस्था के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने अपने आवास पर पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने समाज के लोगों से पौधों को संतानों की तरह पालने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें जीवित रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसान समुदाय से अधिकाधिक फलदार वृक्ष लगाने की अपील करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सुनीता सैनी, राकेश सैनी, व्याख्याता संतोष सैनी, रेंजर अमित सैनी, वरिष्ठ अध्यापिका अनिता सैनी, इंजीनियर दीपांशु सैनी, अंशुल, मयंक एवं कंचन सहित अनेक लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री अपनी टीम के साथ जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, संगठन मंत्री बाघसिंह तोमर, सह–कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, कैलाश खण्डोलिया पीडब्ल्यूडी तथा महामंत्री रतनलाल सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने इन्द्रपुरा, उदयपुरवाटी, नानूवाली बावड़ी, सिंघाना, चिड़ावा एवं रतनशहर सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। संस्था के तत्वावधान में बड़ागांव, इन्द्रपुरा, नांगल सहित अनेक गांवों में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। सब इंस्पेक्टर सुनील सैनी ने आमेर स्थित अपने कार्यस्थल पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं झुंझुनू में सुरेन्द्र सैनी एईएन के नेतृत्व में लगभग 150 फूलदार एवं अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। मण्डावा ब्लॉक अध्यक्ष संजय अलसीसर के नेतृत्व में निराधनू में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कांकरिया में गिरधारीलाल तसीड़ ने श्मशान घाट परिसर में बरगद एवं शीशम के पौधे लगाए। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश बगड़ ने अशोक नगर स्थित कृषि फार्म हाउस पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विक्रम सैनी ने रतनशहर के गोदाम स्टेडियम परिसर, शेर सिंह सैनी ने सूरजगढ़ स्थित अपने आवास, द्वारिकाप्रसाद सैनी ने जिला पुस्तकालय तथा चिरंजीलाल सैनी ने ज्योति पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, चिकित्सा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न अभियानों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा संचालित वृक्षारोपण एवं संरक्षण अभियान जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस व्यापक अभियान ने जिलेभर में हरियाली, जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

# जन्मदिवस पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर परिसर में मंदिर भंडार मंत्री राजेश दौचानिया ने पौधरोपण कर अपना जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना ने की। समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना ने कहा कि जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। राजेश दौचानिया ने पौधरोपण कर समाज के लिए प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा। राजेश दौचानिया ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया है तथा लगाए गए पौधों की नियमित सार–संभाल की जिम्मेदारी भी ली गई है। कार्यक्रम के दौरान समिति महामंत्री अभिषेक पारीक, उपाध्यक्ष राजेश डांढेल, मंदिर मंत्री विमल शर्मा, धर्मपाल कुमावत, श्रवण सैन, रमेश कुमार सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण किया तथा पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

# उपखंड अधिकारी ममता लहुआ का किया अभिनंदन

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** उपखंड अधिकारी ममता लहुआ के लाडनूं में कार्यभार ग्रहण करने पर निम्बीजोधा निवासी समाजसेवी हरिराम खीचड़, पत्रकार दीपक बोहरा एवं अबूबकर बल्खी ने लाडनूं आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर हरिराम खीचड़ ने उन्हें उप तहसील निम्बी जोधा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान की। उपखंड अधिकारी ममता लहुआ ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी विभागों का नियमित फीडबैक लिया जाएगा तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक परिवेदना को गंभीरता से सुनकर उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। लहुआ ने कहा कि प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वागत के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने उन्हें लाडनूं की मिली जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर तहसीलदार अनिरुद्ध पांडे भी मौजूद रहे।



# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

निसं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंढ़ा–सुरेरा में एक पेड़ लोकतंत्र के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में नीम के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में साक्षरता प्रभारी एवं ईएलसी प्रभारी रमेश कुमार मोहनपुरिया ने बताया कि साक्षरता शिक्षार्थियों, ग्रामीण महिलाओं, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। प्रभारी अध्यापक ने साक्षरता अभियान के तहत नियमित अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षार्थियों को स्वयं तथा अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गर्मी के मौसम में लू से बचावए घर पर अध्ययन जारी रखने तथा खेतों और घरों में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया।

# जन्मदिवस पर वृक्षारोपण के साथ पार्क में की रोशनी व्यवस्था



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बीबाणी विकास समिति एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में महावीर इंटरनेशनल सीकर झुंझुनू जोन चेयरमैन डॉ एस एन शुक्ला एवं पोती परी बिटिया (दादा पोती) के जन्म दिवस पर बीबाणी मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पोस्टर का विमोचन किया। पार्क व मंदिर परिसर में 17 एलईडी लाइटें लगाई गई। जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर डॉक्टर एस एन शुक्ला को माला, दुपट्टा व फूलों का गुलदस्ता भेंट किया व मिठाई खिलाकर बधाइयां प्रेषित की। कार्यक्रम में एकत्रित समस्त महानुभावों को प्लास्टिक से मुक्ति जल संरक्षण व वृक्षारोपण के बारे में विस्तार से बताया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकास समिति ने मीटिंग में बीबाणी के उत्थान के लिए व बीबाणी मुक्तिधाम को हरा भरा बनाने जैसे काफी मुद्दों व बीबाणी मुक्तिधाम को और सुसज्जित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ एस के भार्गव, डॉ एस एन शुक्ला, एडवोकेट हरीश जोशी, श्याम सुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककराणीया, महेश कुमार मुंड, वीरा आरती देवी मुंड, सुलोचना देवी, सविता देवी, सरोज, सरला दुग्गड़, प्रमोद कुमार, राजकुमार सोनी, रवि कुमार, सीताराम सैनी, सुनील सैनी, विकास शुक्ला, बालकिशन भूकानिया, विकास राणासरिया, हरीश जोशी, आनंद राणासरिया, रतन जांगिड़, लाला टेलर, राजेश शर्मा, विनोद टीबड़ा, महेश सैनी, सुभाष पंसारी, योगेंद्र, भरत कुमार तुलस्यान, सुमेर सिंह कर्णावत, सुभाष जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, संजय शर्मा, प्रकाश पुरोहित, विकास राणासरिया, पंकज जालान सहित काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# पर्यावरण बचाने का संकल्प, रन फॉर एन्वायरमेंट आयोजित




श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रींगस में रन फॉर एन्वायरमेंट का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा संस्थान तथा वन विभाग के तत्वावधान में किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में पौधरोपण भी किया जाएगा। रन फॉर एन्वायरमेंट में कस्बे के सैकड़ो लोगों भाग लिया। कस्बेवासियों ने रींगस अस्पताल चौराहे से दौड़ शुरू की जो भैरूजी मोड़ तक हुई जिसका समापन अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुआ। वन प्रेमी बजरंग सिंह ने अब तक छह वर्षों से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर चुके। रैली में डॉक्टर जितेंद्र यादव, राकेश पांवडा, नितिन निठारवाल, महेंद्र, अभिषेक शेखावत, महेश जाखड़, सरदार धायल, एडवोकेट दीपक बाजिया, महेश जाखड़, भागचंद बाजिया, बाबूलाल बेनीवाल, सुरेंद्र बेनीवाल, राजवीर गढ़वाल, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

**रेलवे स्टेशन पर किया पौधरोपण**–रेल्वे स्टेशन परिसर में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया साथ ही नियमित रूप से पौधों की देख साक संभाल की जिम्मेदारी कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल बाजिया, सीएमआई मोहन सिंह मीणा, भीमराज गुर्जर, ओमप्रकाश बावलिया सहित अनेक मौजूद रहे।

# जेल से फरार बंदी को किया गिरफ्तार

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि खुला शिविर बींछवाल, बीकानेर में सजा भुगत रहे दण्डित बंदी दीपक जोशी पुत्र श्रीचन्द निवासी वार्ड नम्बर 32 सांड चौक सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि 21 मई 2026 को अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह बीकानेर द्वारा औचक निरीक्षण किये जाने पर सायं काल बंदी दीपक उपस्थित नहीं मिला। उक्त बंदी के फरारी के सबंध में पुलिस थाना बीछवाल बीकानेर में एफआईआर नम्बर 136 दर्ज करवाई गई। पुलिस ने बताया कि फरार होने के बाद सुजानगढ़ में दीपक जोशी 2 अन्य के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर एक परिवादिया के घर में घुस गया। परिवादिया की पुत्री की लज्जा भंग करते हुए उठाकर ले जाने की कोशिश की और घर पर पत्थरबाजी की एवं फोन पर रूपये देने की मांग की, नहीं देने पर धमकी दी। इस बारे में भी परिवादिया की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। जिसकी जांच एएसआई महेन्द्रसिंह कर रहे हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपालसिंह आरपीएस, सीओ स्वाती के सुपरविजन में सीआई बैगाराम मीणा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा दण्डित बंदी के फ़रार होने व कस्बा सुजानगढ़ में उक्त घटना कारित करने के बाद से ही लगातार कस्बा व आस पास के क्षेत्र में उक्त की तलाश की गयी, संदिग्ध स्थानो पर वांछित की दस्तयाबी हेतु दबिश दी गयी, सीसीटीवी फुटेज चौक किये गये। उक्त बंदी के मोबाईल नम्बरो की लगातार लोकेशन पर नजर रखी गयी।

# इंटक की बैठक 10 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अजमेर डिस्कॉम विद्युत कर्मचारी संघ इंटक सीकर जिला कार्य समिति पदाधिकारी एवं खंड उपखंड पदाधिकारी तथा संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक 10 जून बुधवार को सुबह 110 बजे सिद्धिविनायक विवाह स्थल पिपराली चौराहे से आगे झुंझुनू बाइपास में आयोजित होगी। इंटक के प्रवक्ता आनंद सिंह कच्छावा ने बताया कि बैठक में लगातार बढ़ रहे निजीकरण, कर्मचारी समस्याओं तथा संगठन की स्थिति आदि पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। इंटक से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों को मीटिंग में भाग लेने को कहा गया है।

# विजेंद्र सिंह मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बने

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** भवानी सिंह जिला अध्यक्ष राजस्थान पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन शाखा डीडवाना कुचामन की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक उपशाखा लाडनूं की बैठक आयोजित की गई जिसमें विजेन्द्र सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनित किया गया, जिसमें समस्त पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यकारीणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष रामनिवास गढवाल, मेघाराम कुड़ी, कोषाध्यक्ष गोविन्द सिंह, प्रेमाराम, महामंत्री, गिरधारी राम, महिला मंत्री, अंजू कंवर, सुशिला फोगावट, महासचिव ओम प्रकाश राहड, सरक्षंक, चतराराम भाकर, मदन सिंह, सलाहाकार उजीर सिंह, हुकमाराम, संगठन मंत्री,इ सत्यनारायण, नन्हे सिंह, प्रचार प्रसार मंत्री, धनेश कुमार जनागल, संजय जाट, मिडिया प्रभारी सुनेन्द्र सिंह, राकेश शर्मा, जिला प्रतिनिधि, नरेश बेनीवाल, रामनिवास बैरा, महिला सचिव सरिता बेनिवाल, अनुराधा स्वामी को मनोनीत किया गया।